दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



अनुराग ने किया मुंबई छोड़ने का ऐलान...



मलाइका साल 2024 तुम बहुत मुश्किल रहे.....

वर्ष : 11 | अंक : 16 | लखनऊ, 02 जनवरी, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# नया साल आपके लिए खुशियां लेकर आए

## पीएम मोदी ने देशवासियों को दी नए साल की शुभकामनाएं



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देशभर में नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया जा रहा है। नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि "यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अनंत खुशियां लेकर आए। सभी को उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।"

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी नए साल की पूर्व संध्या पर नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आप सभी को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। नववर्ष आपके और आपके प्रियजनों के जीवन में नई खुशियां और नया उत्साह लेकर आए। मुझे आशा है कि इस वर्ष के आपके सभी संकल्प पूरे होंगे।"

## वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली में बनेगा कॉलेज, पीएम मोदी रख सकते हैं आधारशिला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध एक कॉलेज की नींव रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया कि इसके साथ ही उनके पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के दो नए परिसरों की नींव रखने की भी संभावना है। प्रधानमंत्री 3 जनवरी को आधारशिला रखेंगे। सावरकर के नाम पर कॉलेज को डीयू की कार्यकारी परिषद ने 2021 में मंजूरी दे दी है। इसे 140 करोड़ रुपये की अस्थायी लागत पर बनाया जाएगा। सूत्रों ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रधान मंत्री को निमंत्रण दिया है, और प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी परिसर 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर स्थापित किया जाएगा। पश्चिमी परिसर द्वारका में बनाया जाएगा और इस पर 107 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है। 2021 में, डीयू की कार्यकारी परिषद ने दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। डीयू के कुलपति योगेश सिंह को नामों के पूल से दो आगामी कॉलेजों के लिए नाम चुनने का अधिकार दिया गया था। अन्य नाम जो पूल का हिस्सा थे, उनमें स्वामी विवेकानन्द, वल्लभभाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी और सावित्रीबाई फुले शामिल थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनसे भारत तथा विश्व के लिए अधिक समावेशी, बेहतर और उज्जवल भविष्य के निर्माण के वास्ते मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराने पर जोर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। वर्ष 2025 सभी के लिए खुशियां, सद्भाव और समृद्धि लेकर आए। इस अवसर पर, आइए हम भारत और विश्व के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी और बेहतर भविष्य बनाने के उद्देश्य से मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं।

## नये साल में राज्य को विकास के रास्ते पर ले जाने के प्रयासों को और गति मिलेगी : मुख्यमंत्री



संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि वर्ष 2025 में राज्य को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के प्रयासों को और गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया, साल 2025 में राज्य को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के डबल इंजन सरकार के प्रयासों को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरन्तर बेहतर हो रहा है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, विरासत और विकास को आगे बढ़ाने में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

## 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

3 जनवरी को आगाज, 26 को समापन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस 3 जनवरी को सभी ब्लॉकों, जिलों और राज्यों में अपना 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान' शुरू करेगी। यह अभियान 26 जनवरी को महू में एक सार्वजनिक रैली में समाप्त होगा। यह अभियान 27 दिसंबर को शुरू किया जाना था। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के निधन और उनके सम्मान में सात दिवसीय शोक की घोषणा के मद्देनजर निलंबित कर दिया गया था। अभियान आयोजित करने का निर्णय 26 दिसंबर को बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की आखिरी बैठक में लिया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 26 दिसंबर के सीडब्ल्यूसी प्रस्ताव के कार्यान्वयन को सिंह के प्रति गहरे सम्मान और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस बात का आदी होने में अभी और समय लगेगा कि वह अब हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि फिर भी जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान 3 जनवरी, 2025 को ब्लॉकों, जिलों और राज्यों में फिर से शुरू होगा, जिससे 26 जनवरी, 2025 को डॉ. अंबेडकर की 'जन्मभूमि' महू में रैली होगी, जो कि 75वीं वर्षगांठ भी है।

# सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में बसपा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी आप और भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने की तैयारी में है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इसको लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि शहर को पांच क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और सभी क्षेत्रों में उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।





पार्टी की ओर से कहा गया है कि फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण दोनों हैं। एक नेता ने कहा कि उम्मीदवार-चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रत्येक क्षेत्र में समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। ये केंद्रीय समन्वयक अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देंगे और उन्हें बहनजी (बसपा प्रमुख मायावती) को भेजेंगे। उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय इन सिफारिशों के आधार पर होगा। 15 जनवरी तक उम्मीदवारों की सूची फाइनल होने की उम्मीद है।

बसपा ने 2020 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 0.71 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर एक भी सीट जीतने में असफल रही। पार्टी ने 2015, 2013 और 2008 में भी राजधानी की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ा। अधिकारी के मुताबिक, 2003 में उसने 40 सीटों पर चुनाव लड़ा था। बसपा का वोट शेयर 2015 में 1.13 प्रतिशत, 2013 में 5.35 प्रतिशत, 2008 में 14.05 प्रतिशत और 2003 में 5.76 प्रतिशत था। पार्टी ने 2008 में दिल्ली में अपना उच्चतम वोट शेयर हासिल किया और दो सीटें जीतीं।

बसपा पदाधिकारी ने कहा, वर्तमान में, जमीनी स्तर पर छोटे पैमाने पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां प्रमुख मुद्दों और एजेंडों पर चर्चा की जाती है और इन चचाओं के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 2015 से राजधानी की सत्ता पर काबिज सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है।

### संक्षिप्त समाचार

## मुंबई में नए साल पर 89 लाख रुपये के ट्रैफिक चालान जारी

17,800 वाहन चालकों पर जुर्माना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नए साल के मौके पर मुंबई में लोग सड़कों पर जश्न मनाते दिखे। नए साल के मौके पर लोग सड़कों पर नियमों का उल्लंघन भी करते दिखे है। इस दौरान सड़कों पर कई लोगों ने नियमों का उल्लंघन किया है। मुंबई पुलिस ने 17,800 मोटर चालकों पर जुमार्ना किया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 89.19 लाख रुपये का जुमार्ना वसूल किया है। पीटीआई की एक रिपोर्ट की मानें तो मुंबई पुलिस ने नए साल की पूर्व संध्या से लेकर बुधवार तड़के तक यह अभियान चलाया। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया, शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात के सुचारू प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने, बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चलाने, सिग्नल तोड़ने और एकतरफा सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने आगे बताया कि वाहन चालकों पर गति सीमा का उल्लंघन करने, बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए भी जुमार्ना लगाया गया। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से ई-चालान के माध्यम से 89,19,750 रुपये का जुमार्ना वसूला। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, बांद्रा बैंडस्टैंड और जुहू चौपाटी समेत प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए। अधिकारी ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। नये साल की पूर्व संध्या पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत महाराष्ट्र की राजधानी में 14,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

# साल के पहले दिन भाजपा का केजरीवाल पर हमला

## भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा, 10 सालों में वादे भी नहीं किए पूरे : सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भाजपा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना हमला तेज करते हुए उन पर दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। पार्टी ने केजरीवाल की दस प्रतिबद्धताओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में एक दशक रहने के बाद भी उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि एक विचित्र संवैधानिक उदाहरण भी 2024 में देश ने देखा। जब जेल से रहकर किसी मुख्यमंत्री ने सरकार को चलाया। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल पर आरोप लगा और उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि केजरीवाल जी जेल जाने वाले पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके पहले भी हेमंत सोरेन जी, मधुकोड़ा जी, लालू प्रसाद यादव जी, जयललिता जी, करूणानिधि जी... ये सब भी पद पर रहते हुए जेल गए। परंतु लालू प्रसाद यादव जी ने इतनी मयार्दा रखी थी कि उन्होंने पद छोड़ दिया था। लेकिन 2024 एक ऐसा विस्मयकारी और विचित्र उदाहरण देश को देखने को मिला कि जिन्होंने



(केजरीवाल ने) जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा।

त्रिवेदी ने कहा कि आप पार्टी यह विचार लेकर आई कि हम नई राजनीति ला रहे हैं। आज की राजनीति में सभी राजनीतिक दलों के बीच सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता का संकट था। उन्होंने कहा कि आम जनता के बीच यह धारणा बन गई थी कि राजनेता जो उपदेश देते हैं, उस पर अमल नहीं करते। उन्होंने कहा क पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी और एनडीए ने इस धारणा को बदला और राजनीति में विश्वसनीयता स्थापित की। दूसरी ओर, आप विपरीत चरम का प्रतिनिधित्व करती है, जहां वे हमेशा अपने वादों को पूरा करने में विफल रहते हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आपको जानकर ये हैरानी होगी कि इतने विविधतापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप, इतने कम कालखंड में किसी पॉलिटिकल पार्टी पर नहीं लगे होंगे, जिसका उदाहरण आम आदमी पार्टी ने प्रस्तुत किया है। उनकी पार्टी (आप) के हर वरिष्ठ नेता को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में डाल दिया गया है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और संसद में पार्टी के नेता, तीनों जेल जा चुके हैं। आपने पहले कभी इतना विविध भ्रष्टाचार नहीं देखा होगा। उनके स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के लिए जेल भेजा गया, अमानतुल्ला खान को वक्फ बोर्ड में घोटाले के लिए, नरेश बाल्यान को माफिया से संबंध के लिए जेल भेजा गया।

## पश्चिम बंगाल: अमित शाह की आंबेडकर संबंधी टिप्पणी पर माकपा प्रदर्शन तेज करेगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने मंगलवार को कहा कि वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ पूरे पश्चिम बंगाल में अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेगी। माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की दो-दिवसीय प्रदेश समिति की बैठक में पड़ोसी देश और अन्य सभी जगहों पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि माकपा कार्यकर्ता और उसके अग्रणी संगठनों के सदस्य शाह की टिप्पणियों के खिलाफ पूरे राज्य में प्रखंड स्तर पर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, हमारे सामाजिक मोर्चों ने पहले ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसे और तेज किया जाएगा। सलीम ने कहा कि माकपा कार्यकर्ता बांग्लादेश की स्थिति के बहाने लोगों को ध्रुवीकृत करने के निरंतर प्रयासों के खिलाफ भी अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि माकपा 12 जनवरी से एक राष्ट्र एक चुनाव के खिलाफ विरोध कार्यक्रमों की एक श्रृंखला भी शुरू करेगी।

## इंजीनियर आत्महत्या मामला : अदालत ने मृतक के पिता से पुत्रवधू की हिरासत के बारे में जवाब मांगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेंगलुरु । कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पिछले महीने बेंगलुरु में आत्महत्या करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता को उनकी पुत्रवधू और मामले में आरोपी निकिता की न्यायिक हिरासत के बारे में उच्चतम न्यायालय को जवाब देने का निर्देश दिया है। उच्चतम न्यायालय नाबालिग पोते की अभिरक्षा मांग रहीं सुभाष की मां की याचिका पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदार ने निकिता की याचिका पर सुभाष के पिता को यह निर्देश दिया।

निकिता ने खुद को गिरफ्तार किए जाने और पति की मौत के बाद उसके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किए जाने को चुनौती दी है। निकिता के वकील भरत कुमार ने कहा कि उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी गैर-कानूनी है और पुलिस



गिरफ्तारी का आधार बताने में विफल रही। कुमार ने निकिता को अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करते हुए कहा कि आरोपी को शीर्ष अदालत में खुद का बचाव करने की जरूरत है।

हालांकि राज्य लोक अभियोजक-2 विजयकुमार मजागे ने जांच का विवरण प्रदान करने के लिए छह जनवरी तक का समय मांगा। सुनवाई के दौरान निकिता के वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसकी और अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए चार जनवरी की तारीख तय की है। कुमार ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह निचली अदालत को उसी दिन जमानत याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश दे, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने सहमति जताते हुए याचिका पर सुनवाई छह जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

# महाकुंभ 2025: संत की जटा में 45 किलो की रुद्राक्ष की माला

## ऑक्सीजन सपोर्ट पर पहुंचा आध्यात्मिक शख्स, एक से बढ़कर एक संयासियों का लगा मेला

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, प्रयागराज में विशाल आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार की व्यवस्थाओं से संत और धर्मगुरु खुश नजर आ रहे हैं। अग्नि अखाड़े के सचिव ने एक निजी मीडिया समूह से बात करते हुए कहा कि वे प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था देखकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद से बेहतर इंतजाम किए गए हैं और इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी को धन्यवाद दिया। कुंभ में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर महंत ने कहा कि अखाड़ा परिषद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मेला क्षेत्र में न बुलाकर सही काम किया है. उन्होंने कहा कि लोग न तो उनसे सामान लें और न ही किसी गतिविधि में भाग लें। उन्होंने कहा कि संत समाज ने



सीएम योगी के नारे 'काटोगे तो बटोगे' का पुरजोर समर्थन किया है।

इससे पहले, अग्नि अखाड़े में धर्म ध्वजा फहराने के बाद ज्योति जलाई गई। पूरे कुंभ मेले में अग्नि जलती रहेगी. महाकुंभ के सफल समापन के बाद अग्नि अखाड़ा अग्नि और ध्वजा को अपने मूल अखाड़े में ले जाएगा। कई अन्य साधु-संतों के बीच एक महंत बाबा ऐसे भी नजर आए जिनके सिर पर सवा लाख रुद्राक्ष की माला थी, जिसका वजन 45 किलो था। वह करीब 6 साल से इसे लेकर चल रहे हैं और इसी के जरिए वह अपनी तपस्या और साधना करते हैं।

इंद्र गिरी महाराज नाम के आध्यात्मिक शख्स शारीरिक रूप से बीमार नजर आए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके दोनों फेफड़े 97 फीसदी खराब हो चुके हैं। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर कार से हरियाणा के हिसार से कुंभ मेले में पहुंचे। बताया गया कि करीब 4 साल पहले उनका लग्स खराब हो गया था। डॉक्टरों ने उन्हें आश्रम से बाहर न जाने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति और आस्था के बल पर महाकुंभ में आने का फैसला किया।

## अवैध कच्ची शराब के साथ महिला को पुलिस ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस द्वारा बुधवार सुबह बाज खेड़ा से मेड़ई खेड़ा मार्ग की तरफ एक महिला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज के अनुसार महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक अनूप कुमार सिंह, कांस्टेबल दीपक तोमर, महिला कांस्टेबल वैशाली मिश्रा के साथ बुधवार सुबह बाज खेड़ा से मेडई खेड़ा मार्ग से एक महिला को अवैध कच्ची शराब साथ गिरफ्तार किया।महिला के पास प्लास्टिक पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।पूछताछ में महिला ने अपना नाम सुनीता पत्नी गुड्डू निवासी बाजखेड़ा मजरा हुलास खेड़ा बताया।शराब सहित महिला सुनीता को पकड़कर थाने लाया गया जहां उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के धाराओं में मुकदमा पंचीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# विवाहिता पत्नी ने पति पर जबरन अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने सहित ससुरालियों पर लगाया शोषण का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति पर जबरन अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने सहित ससुरालियों पर शोषण का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता के अनुसार बीते 22 नवम्बर 21 को उसका विवाह जिला हरदोई निवासी के साथ हुआ था। आरोप है कि उसके विवाह के कुछ समय पश्चात ही उसके पति ने रात में दारू पीकर टेबलेट खाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन अप्राकृतिक शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए पीटाई कर किसी को बताने पर धमकी देने लगे।और बीते 15 जून 23 को रात्रि लगभग 11 बजे उसके पति ने उसके बदन पर पहने सारे कपडे फाड़ जबरदस्ती अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाया।जिसकी शिकायत उसने अगले दिन अपनी सास, नंद, जेठानी से की तो उलटे ही उन लोगों ने उसे कम दहेज लाने का ताना देते हुये गाली-गलौज, मारपीट व जान से मरने की धमकी देने लगे। उस दौरान अचानक उसके पति का पैर दुर्घटना में टूट गया था जिसके इलाज के लिए उसकी माता व भाई ने लखनऊ लाकर उसके पति को लोकबंधु चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां से उपचार कराने के बाद वह पुनः अपनी ससुराल हरदोई गयी जहां पर देवर ने उसके साथ बलपूर्वक शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा जिसकी जानकारी उसने पति को दी तो वह उलटे उसके संग गाली गलौज करने के साथ पीटाई करने लगा। वहीं पीड़िता का कहना था कि एक दिन वह ससुराल में टट्टर से बने बाथरूम में नहा रही थी तो देवर संदीप अवस्थी उसे झरोखे के छेद से नग्न अवस्था में देख रहा था।जिसका विरोध करने पर पति ने अपनी बहन सोना से बाथरूम में लगा कपडा बदलने को कहा लेकिन उसकी ननद ने उसके सारे कपड़े कैंची व चाकू से काट दिया। जिसकी जानकारी ससुरालवालों को देने पर उक्त लोगों ने उसकी पीटाई कर बीते 1 जुलाई 24 की रात्रि करीब 10:30 बजे घर से निकाल दिया।जिसके पश्चात वह अपने मायके आ गई। लेकिन बीते 19 जुलाई की रात्रि लगभग 11:30 बजे उसका पति उसके मायके में आकर दरवाजा खटखटा उसकी माता को धकेल अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर के अंदर घुस गाली देते हुए मारपीट करने लगा और शोर सुनकर पीड़िता के भाई द्वारा बीच-बचाव करने पर पीड़िता का पति व उसके साथ आए तीनों लोग उसके भाई को लात-घूसों से मारपीट करने के साथ राहगीर व मोहल्ले वालों को एकजुट होता देख उसके परिवार को जाने से मारने की धमकियां देते हुये भाग गये। जिसके पश्चात उसने अपने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ता के बैंक खातों से हैकरों ने ट्रांसफर किये 1,18,400 रुपये

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।आलमबाग में रहने वाले एक अधिवक्ता के दो बैंक खाते से साइबर हैकरों ने लाखो रुपये ट्रांसफर कर लिए।जिसकी जानकारी अधिवक्ता को मोबाईल पर मैसेज आने पर हुई।ठगी के शिकार अधिवक्ता ने साइबर सेल समेत स्थानीय आलमबाग थाने पर शिकायत की है। आलमबाग इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि आदर्श नगर आलमबाग में रहने वाले पेशे से अधिवक्ता मनोज कुमार पांडेय के अनुसार उनका दो बैंक खाता इण्डियन बैंक शाखा आलमबाग और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में है।जिन खातों से आदित्य सिंह नामक युवक ने अमेजॉन के माध्यम से कुल 1,18,400 रुपये ट्रांसफर कर लिए जिसकी जानकारी उन्हें मोबाईल फोन पर मैसेज आने पर हुई।पीड़ित खाताधारक ने साइबर सेल समेत स्थानीय आलमबाग थाने पर शिकायत की है।खाताधारक की शिकायत पर आलमबाग पुलिस आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है।

# युवक ने अमनी मां सहित चार बहनों को उतरा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।लखनऊ कोतवाली नाक क्षेत्र स्थित होटल शरणजीत में आगरा से आया युवक अपने परिवार के संग ठहरने पिता संग मिलकर किया अपनी मां सहित चार बहनों की निर्मम हत्या। स्वयं पहुंचा थाने जुर्म कबूल करते हुए बताया किस तरह घटना को दिया अंजाम। पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसने अपना नाम अरशद (24) आगरा का रहने वाला है जिसने पारिवारिक कलह के चलते उसके द्वारा अपनी चार बहनें (1)आलिया 9 वर्ष, बहन) (2) अल्शिया 19 बहन)(3)अक्सा 16 बहन (4)रहमीन 18 बहन (5) अस्मा माता कि हत्या की है तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस होटल शरणजीत पांचों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपनी चार बहनों और माता की हत्या करने की घटना को कबूल करते हुए बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे।इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी माँ और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फैसला किया। अरशद परिवार को पहले अजमेर लेकर गया फि र लखनऊ लाकर सभी को होटल में रुकवाया, रात्रि में शराब पिलाई और कुछ के मुँह में कपड़ा डालकर दुपट्टे से गला दबा दिया और कुछ की कलाई ब्लेड से काट दी।इस काम में पिता ने मदद की। इसके बाद पिता को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और स्वयं थाने पहुँचकर घटना की सूचना दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल ब्लेड व दुपट्टा बरामद कर लिया गया है।आरोपी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रत्येक तथ्य के संबंध में साक्ष्य संकलन कर सत्यापित किया जा रहा है।

## नये साल में कंबल की आस में तहसील आयी दर्जनो बुजुर्ग महिलाएं मायूस लौटी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील प्रशासन द्वारा गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल बांटने की घोषणा नये साल के पहले दिन ही हवा हवाई साबित हुयी।ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवो की दर्जनो गरीब बुजुर्ग महिलाएं कंबल की आस में बुद्ववार की सुबह मोहनलालगंज तहसील पहुंच गयी ओर कड़ाके की ठंड में फर्श पर बैठकर कई घंटो तक ठिठुरती रहीं रही लेकिन उन्हे कम्बल नही मिला। सोशल मीडिया पर कम्बल ना मिलने का मैसेज वायरल होने के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार शंशाक नाथ उपाध्याय ने गरीब महिलाओ को अपना नाम राजस्व कर्मियो को लिखाने के बाद गांवो में आकर कम्बल देने की बात कहकर वापस लौटा दिया।कम्बल की आश में तहसील आयी दर्जनो गरीब वृद्व महिलाओ ने बताया गांवो में राजस्वकर्मी व प्रधान अपने जानने वालो को कम्बल दिलवाते है जरूरतमंदो को ठंड से बचने को कम्बल नही मिल पाता है।

# जंगल में दिखे बाघ के पग चिह्न, नए मचान के पास बांधा गया शिकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।कई किलोमीटर की रेंज में फैले जंगल में एक बार फिर बाघ के पगचिह्न मिले है।ऐसी स्थिति को देखते हुए जंगल से आबादी की ओर आने वाले हर रास्ते पर कॉम्बिंग टीम की तैनाती की गई है।साथ ही नया मचान बनाकर पड़वा बांधा गया है।

जहां बाघ के शिकार के लिए ट्रैंकुलाइज करने वाली टीम को अलर्ट कर दिया गया है, ताकि बाघ को जल्द से जल्द आसानी से पकड़ा जा सके। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के 40 बीघे में फैले जंगल और पंद्रह किमी. के दायरे में संस्थान सहित आसपास के गांव में बाघ के चहलकदमी से ग्रामीणों में खौफ बरकरार है।एक महीने बीतने को है, ऐसे में दहशत का पर्याय बन चुके बाघ के जंगल में आने जाने वाले मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है।दिन और रात के समय बाघ रहमान खेड़ा जंगल में लगी लोहे की जाली के नीचे से निकलकर बेहता नाला के किनारे होते हुए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निकल जाता है और फिर वापस आकर दिन में जंगल की घनी झाड़ियों में आराम करता है। दिन में ज्यादातर बाघ की गतिविधियां जंगल के अंदर और जंगल से सटे मीठे नगर के जंगल में पाई जा रही है।

डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने बताया कि बुधवार सुबह सात बजे संस्थान के अंदर जाली के किनारे नाले की ओर बाघ के पगचिह्न पाए गए हैं। नाले के किनारे से होते हुए।

रेलवे लाइन क्रॉस कर जंगल में चला गया। डब्ल्यूटीआई के सदस्यों और प्राणिउद्यान के डॉक्टरों ने पुष्टि की है। हरदोई की संडीला रेंज और सीतापुर की सिधौली रेंज के स्टाफ के द्वारा आसपास के ग्रामीणों को सतर्क किया और बचाव के उपाय बताए।

### नये मचान के पास पड़वा बांधकर कर रहे निगरानी

डीएफओ ने बताया कि बाघ के ज्यादातर गतिविधियों वाले इलाके में मचान से निगरानी की जा रही थी। उसी से सौ मीटर दूर दूसरी मचान तैयार हो गयी है।मचान के पास पड़वे बांधकर निगरानी की जा रही है।इसी दोनों मचानों के आसपास बाघ की सबसे ज्यादा पगचिन्हो सहित गतिविधियां पाई गई हैं। वहीं। मीठे नगर मार्ग पर बनी पुलिया के पास रखे पिंजरे में पड़वे को बांधकर निगरानी की जा रही है।

### रेलवे फाटक के केबिन में लोहे का जाल लगाया

बाघ की दहशत से रहमान खेड़ा संस्थान के बाहर से निकली रेलवे लाइन पर बने फाटक के गेटमैन की सुरक्षा के लिए केबिन को लोहे की जालियों से ढक दिया गया है।रात के समय ट्रैकमैन चार किमी के एरिया में रेलवे पटरियों की जांच करने नही जा रहे है।दिन के समय कई कर्मचारियों ने काम करते समय बाघ को रेलवे लाइन पर देखा था।

# उत्तर प्रदेश में पान मसाला फैक्ट्रियों की निगरानी का दायरा और बढ़ेगा

## हर जोन में बनेगी 10 से 12 अधिकारियों की टीम

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।पान मसाला फैक्ट्रियों में होने वाले उत्पादन और बिक्री पर कर चोरी को रोकने के लिए अब और अधिक सख्ती की जाएगी।राज्य कर विभाग अब संबंधित जोन में फैक्ट्रियों के हाईवे से मिलने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ाएगा।इसके लिए हर जोन में 10 से 12 अधिकारियों की एक और टीम बनायी जाएगी। पिछले दिनों पान मसाला से लदे कानपुर के पंजीकृत चार ट्रकों को बिना ई-वे बिल के पकड़े जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

### लंबे समय से जीएसटी की चोरी

पान मसाला, गुटखा और तंबाकू सहित संवेदनशील उत्पादों में एक ई-वे बिल पर बार-बार बिक्री कर लंबे समय से जीएसटी की चोरी की जा रही थी। पिछले वर्ष राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2024 में नई धारा 122(क) को जोड़कर संवेदनशील उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के लिए अपनी मशीनों का पंजीकरण राज्य जीएसटी में कराना अनिवार्य कर दिया था। अब हर मशीन के उत्पादन का विवरण भी रिटर्न में दाखिल करना होता है।मशीनों का पंजीकरण न कराने पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाने का अधिकार राज्य कर विभाग को दिया गया है।ऐसे में राज्य कर विभाग ने पान मसाला और गुटखा फैक्ट्रियों पर सख्ती बढ़ा दी है।

### कैमरे के साथ अधिकारियों की टीमें तैनात

फैक्ट्रियों की निगरानी के लिए बाडी वार्मअप कैमरे के साथ अधिकारियों की टीमें तैनात की गई हैं।सीसीटीवी कैमरे लगाकर उसका नियंत्रण जोन और मुख्यालय स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों को दिया गया है।इसके बावजूद लखनऊ की एसआइबी टीम ने पिछले दिनों पान मसाला के चार ट्रकों को बिना ई-वे बिल के पकड़ा था। राज्य कर आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए चार राज्य कर अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। उन्होंने शासन से चार सहायक कर आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति भी की है। निलंबित अधिकारियों ने कहा है कि उनकी ड्यूटी गेट पर थी, ट्रक बाहर निकलने के दूसरे रास्ते भी हैं।ऐसे में राज्य कर मुख्यालय ने फैक्ट्रियों के मुख्य गेट के अलावा अन्य सभी रास्तों पर भी सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।हर जोन में 10 से 12 अधिकारियों की टीम बनाकर एक रिजर्व सर्किल तैयार करने को कहा गया है। यह अधिकारी दो से तीन की टुकड़ी में फैक्ट्रियों से हाइवे की ओर जाने वाले रास्तों पर तैनात होंगे। यदि कोई ट्रक बिना ई-वे बिल के निकलेगा तो उसे पकड़ने की जिम्मेदारी इस टीम की होगी।

# हम अपनी बहनों को बिकवाना नहीं चाहते, इसलिए काट डाला

## वीडियो जारी कर आरोपित बेटे ने हत्या करने की बताई वजह

### पुलिस टीम ने सैंपल लिए, वजह की हो रही जांच

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। नाका स्थित होटल शरणजीत में आगरा के इस्लाम नगर, तेहड़ी बगिया, कुबेरपुर निवासी अशद ने पिता बदर के साथ मिलकर चार बहनों और मां की हत्या कर दी।सभी अजमेर से लखनऊ आए थे और सोमवार को होटल में कमरा लेकर ठहरे थे।हत्या से पहले आरोपी पिता-पुत्र ने सभी को शराब पिलाई।अशद ने इस दौरान वीडियो भी बनाया।पुलिस ने अशद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बदर की तलाश जारी है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब सात बजे अशद लोको पुलिस चौकी पहुंचा। अशद ने पुलिसकर्मियों को बताया कि उसने पिता के साथ मिलकर मां और चार बहनों की हत्या कर दी है।पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि घटना नाका इलाके की है। इसके बाद नाका पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस होटल के कमरे में दाखिल हुई तो भीतर पांच लोगों के शव बिस्तर पर पड़े थे।

पूछताछ में अशद ने बताया कि उसने पिता के साथ मिलकर मां अस्मा (49), बहन अल्शिया (19), रहमीन (18), अक्सा (16) और आलिया (9 ) की हत्या की है। आरोपी ने बताया कि मोहल्ले वाले उसके परिवार को परेशान कर रहे थे। इसकी वजह से पिता-पुत्र को डर था कि अगर उन्हें कुछ हो गया, तो परिवार के लोगों का क्या होगा।साजिश के तहत दोनों पहले परिवार को अजमेर लेकर गए।इसके बाद लखनऊ लाए थे।

साजिश के तहत आरोपी पिता-पुत्र ने परिवार से नए साल की पार्टी लखनऊ में मनाने की बात कही। मंगलवार रात में पार्टी के नाम पर सभी को शराब पिलाई। आरोपियों ने नाबालिग बच्चियों को भी जबरन शराब पिलाई ताकि बेसुध होने पर उनकी हत्या की जा सके। शराब पिलाने के बाद मंगलवार रात दो बजे अशद ने पिता के साथ मिलकर पहले मां अस्मा का ब्लेड से गला रेता।फिर हाथ की नस काट दी।इसके बाद बहन अल्शिया और रहमीन का गला रेतने के बाद हाथ की नस काट दी।वहीं, बदर ने अक्सा और आलिया की गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों के हाथ की नस भी काटी।वे चीख-चिल्ला न सके इसलिए सभी के मुंह में कपड़ा ठूस दिया था।यही नहीं, कोई जिंदा न बचे इसलिए हाथ की नस काटने के बाद दुपट्टे से गला भी कसा था।

### पिता को छोड़ा रेलवे स्टेशन, फिर पहुंचा पुलिस चौकी

हत्या के बाद बुधवार सुबह करीब 06:55 बजे दोनों आरोपी होटल से बाहर निकले।सीसीटीवी फुटेज में भी दोनों साथ निकलते दिखे हैं।अशद ने पहले पिता को चारबाग स्टेशन छोड़ा।इसके बाद लोको पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी।पुलिस की टीम बदर की तलाश कर रही है।बदर अपना फोन होटल में ही छोड़कर गया है, जिसकी वजह से उसकी लोकेशन नहीं मिल पाई है। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं।पुलिस ने होटल के कमरे से हत्या में इस्तेमाल ब्लेड और दुपट्टा बरामद कर लिया है।

# पान मसाला फैक्ट्रियों की निगरानी का दायरा बढ़ेगा

### बिना ई– वे बिल के चार ट्रकों के पकड़े जाने पर लिया फैसला

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ।पान मसाला फैक्ट्रियों में होने वाले उत्पादन और बिक्री की कर चोरी को रोकने के लिए अब और अधिक सख्ती करने की तैयारी है। राज्य कर विभाग अब संबंधित जोन में फैक्ट्रियों के हाइवे से मिलने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ाएगा। इसके लिए हर जोन में 10 से 12 अधिकारियों की एक और टीम बनायी जाएगी।यह कदम पिछले दिनों बिना ई-वे बिल के पान मसाला लदे कानपुर के पंजीकृत चार ट्रकों को पकड़ने के बाद उठाया जा रहा है।

पान मसाला, गुटखा और तंबाकू सहित संवेदनशील उत्पादों में एक ई-वे बिल पर बार-बार बिक्री कर लंबे समय से जीएसटी की चोरी की जा रही थी। इसी साल अगस्त में योगी सरकार की कैबिनेट में उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) 2024 को स्वीकृत कर नई धारा 122 क को जोड़ा था। इसके तहत संवेदनशील उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को अपनी मशीनों का पंजीकरण राज्य जीएसटी में कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

### लाख रुपये का जुर्माना

हर मशीन के उत्पादन का विवरण भी रिटर्न में दाखिल करना होगा।पंजीकरण न कराने पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाने का अधिकार राज्य कर विभाग को मिल गया है। इस अध्यादेश के बाद नवंबर माह से राज्य कर विभाग ने पान मसाला और गुटखा फैक्ट्रियों पर सख्ती बढ़ा दी।बाडी वार्मअप कैमरे के साथ अधिकारियों की टीमें वहां तैनात कर दी गईं।

# दो लोगों को अवैध कच्ची शराब के साथ पुलिस ने पकड़ा




अमन लेखनी समाचार

नगराम।बुधवार शाम पुलिस ने दो लोगों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ विवेक कुमार चौधरी ने बताया समेसी नहर के पास श्याम तारा स्कूल से भारत लाल पुत्र स्वर्गीय रामकिशन निवासी छतौनी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं भजाखेडा सड़क किनारे खेत में झाड़ी के पास से रोहित नट पुत्र फूलचंद नट निवासी भजाखेडा को 10लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# सचिवालय सेवा के 17 अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

## नव प्रोन्नत अधिकारियों ने संभाला कार्यभार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा के 17 अधिकारियों को प्रोन्नति मिली है। फिलहाल सभी को उसी विभाग में जहां वह तैनात हैं, वहीं पर पदोन्नति दी गई है। ऐसे में बुधवार को नव प्रोन्नत अधिकारियों में से अधिकांश ने अपना पदभार भी संभाल लिया। धर्मार्थ कार्य विभाग के संयुक्त सचिव प्राणेश चंद शुक्ला को इसी विभाग में विशेष सचिव पद पर प्रोन्नति दी गई है।खाद्य एवं रसद विभाग के उप सचिव कैलाश नाथ राम, कार्मिक विभाग के राम आसरे राम, श्रम विभाग के अजय प्रताप सिंह, प्राविधिक शिक्षा विभाग के चिरौंजी लाल और करागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के विनोद कुमार द्विवेदी को संयुक्त सचिव के पद पर प्रोन्नति मिली है। वहीं अनुसचिव के पद से उप सचिव के पद पर औद्योगिक विकास विभाग के राजेश्वरी प्रसाद, सचिवालय प्रशासन विभाग की गीता, गृह विभाग के जगराम यादव और राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के चंद्रिका प्रसाद शामिल हैं। ऐसे ही अनुभाग अधिकारी से अनुसचिव के पद पर प्रोन्नति पाने वालों में गृह विभाग के सतेन्द्र कुमार, राजस्व विभाग के रविकेश चंद्र, सहकारिता विभाग के राम ब्रज राम, नगर विकास विभाग के रवीन्द्र नाथ, सचिवालय प्रशासन विभाग के शिवपूजन, श्रम विभाग के शिव सूरत और ऊर्जा विभाग के प्रभन्जन यादव शामिल हैं।

### राजभर ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

राज्य सरकार के मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर हुई मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश के वंचित वर्गों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान पर चर्चा हुई।

### राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा

उन्होंने बताया कि चर्चा में मुख्य रूप से आयुष्मान योजना को सभी के लिए लागू करने, एक देश-एक शिक्षा नीति लाने व राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा हुई है।साथ ही एक देश-एक चुनाव की नीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री से रोहिणी आयोग और सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा की।

# कार सवार दबंगों ने युवक का सर फोड़ किया लहुलुहान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।आलमबाग कोतवाली इलाके में बेखौफ कार सवार दबंगों ने बीते सोमवार को दिनदहाड़े युवक के सिर पर डंडे से प्रहार करने के साथ बीच-बचाव करने पर पर उसके मित्र का डंडे से सर फोड लहुलुहान कर उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सी०पी०एच० कालोनी निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र स्व० जितेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि बीते 30 दिसम्बर की दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने दोस्त के साथ घर के पास लगे नीम के पेड के पास खड़ा होकर बात-चीत कर रहा था ।उस दौरान अचानक से कार संख्या यूपी78 ई ए 2174 पर सवार पाँच लोगों ने उसपर जान से मारने की नियत से लाठी डंडो से उसके सर पर प्रहार कर दिया और बीच बचाव करने पर उसके दोस्त के सर पर डंडे से प्रहार कर लहुलुहान हालत में उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए।आरोप है कि उक्त कार में वैभव कानपुर निवासी मौजूद था।जिसकी शिकायत आरोपित वैभव के जीजा अजय सिंह उर्फ आशू पुत्र जगदीश सिंह व उनकी पत्नी पारुल से करने पर उलटे ही उसके संग गाली गलौज करने के साथ जान से हाथ धो बैठने की धमकी देने लगे।जिसके चलते उसने मेडिकल उपचार कराने के बाद स्थानीय आलमबाग कोतवाली में आरोपित सहित उसके जीजा दीदी सहित कई अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर सायकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई कोतवाली क्षेत्र के सुरसेनी निवासी आफाक 30 वर्ष पुत्र बिलाल सायकिल से जा रहा हरदोई उन्नाव मार्ग के मैदा मिल के पास किसी अज्ञात वाहन ने सायकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।

### हर्षोल्लास के साथ जनपद वासियों ने मनाया नया साल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वासियों ने नया साल हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। देर रात घरों व मोहल्लों में जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को गिफ्ट व बुकों के साथ नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नए साल पर बधाई देने का सिलसिला सुबह से ही पूरे दिन चलता रहा। लोग एक दूसरे को नववर्ष की बधाई देने और पूरा वर्ष सुख समृद्धि से बीतने की कामना में ही बीत गया। जिले वासियों ने आज का मौज मस्ती मनाने के लिए सुनिश्चित कर रखा था। जैसे ही शाम होती गई लोगों में खासा उत्साह देखा गया। रात को बारह बजे के बाद नए वर्ष के पहले दिन लोगों ने मौसम अच्छे होने से होटलों व रेस्टोरेंटों में पहुंचकर बच्चों और परिजनों के साथ लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। बधाई संदेश भेजने और बातचीत में सभी के मोबाइल व्यस्त रहे। बाजार में चाहे कितने ही महंगी कीमत के उपहार क्यों न उपलब्ध हो जाए। मगर ऐसे खास मौकों पर फूलों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। मोतीनगर मोहल्ले में सुबह से फूलों की दुकानें सजी हुई थी। नववर्ष फूल व बुकें लेने के लिए युवाओं की फ्लावर दुकानों पर लाइन लगी रही। मोतीनगर स्थित फ्लावर विक्रेता सौरभ बाधम ने बताया कि नए वर्ष के मौके पर फूलों और स्टिक की काफी बिक्री हुई। फूलों में सबसे अधिक रेड गुलाब, सुपर गुलाब और गेल्डियस स्टिक की बिक्री अधिक हुई। शहरवासियों ने जमकर फूलों और बुकों की जमकर खरीदारी हुई।

नव वर्ष के पर्व पर लोगों ने रात से ही शहर के प्रमुख मंदिर दुर्गा मंदिर गोकुल बाबा समेत अन्य मंदिरों में जाकर दर्शन करने शुरू किया भोर पहर सुबह पांच बजे से मंदिर के बाहर लाइन भी लगी रही। नव वर्ष को लेकर पहले दिन अच्छी शुरूआत के लिए लोगों ने दर्शन कर पूजा अर्चना की है।

## जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्परता दिखाई। मंगलवार रात को उन्होंने ए.बी. नगर स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरों में ठहरने वालों के लिए पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, बिस्तर, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ जगहों पर सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को तुरंत व्यवस्था सुधारने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए रैन बसेरों की नियमित निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम गौरांग राठी ने ए.बी. नगर की सड़कों और वहां पड़े पत्थरों की मरम्मत का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद उन्नाव को निर्देशित किया कि सड़क और पत्थरों की मरम्मत का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। डीएम ने कहा कि सड़कों की खराब हालत से लोगों को परेशानी होती है, जिसे जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए। ठंड के मौसम में गरीब और बेघर लोगों की मदद के लिए डीएम ने स्थानीय अधिकारियों को रैन बसेरों में सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए कहा। उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से भी अपील की कि वे आगे आकर गरीबों की मदद करें। मौके पर डीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति ठंड की वजह से परेशान न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी समेत नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाने के जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## जमीन को लेकर तीन सगे भाइयों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रानीखेड़ा खालसा गांव में मंगलवार शाम 6 बजे घर के सामने सहन को लेकर तीन भाइयों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

क्षेत्र के रानी खेड़ा खालसा गांव निवासी मिथिलेश मौर्य व छोटा भाई महेश , सर्वेश के घर के सामने के सहन को लेकर तीनो में गाली गलौज होने लगा मिथिलेश ने गाली देने से मना किया तो सर्वेश, महेश ने मिथिलेश को लाठी डंडे से मारना शुरू कर दिया दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू की कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नव वर्ष पर शांति व्यस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन रहा सतर्क

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नव वर्ष के अवसर पर जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई। एसपी ने पहले से ही सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त हिदायत दी थी। इसके तहत पुलिस ने रातभर गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखी। बांगरमऊ सीओ अरविंद चौरसिया ने पुलिसकर्मियों के साथ केक काटकर नव वर्ष की बधाइयां दी। नव वर्ष के जश्न के दौरान शराब पीकर सड़क पर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी गई। जिले के दही थाना, कोतवाली, और गंगाघाट सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मी रातभर सक्रिय रहे। सड़कों पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिसकर्मियों ने प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर गश्त की। पुलिस की चौकसी और सक्रियता के चलते जिले में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना नहीं हुई। नव वर्ष की रात अक्सर सड़क पर नशे में ड्राइविंग और हुड़दंग के मामले सामने आते हैं, लेकिन इस बार पुलिस की सतर्कता के कारण लोग संयमित नजर आए। विशेष रूप से गंगाघाट क्षेत्र में जहां लोगों की भीड़ अधिक होती है, पुलिसकर्मियों ने ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था संभालने में अहम भूमिका निभाई। एसपी दीपक भूकर ने लोगों से अपील की थी कि वे नव वर्ष का जश्न शांति और अनुशासन के साथ मनाएं। पुलिस प्रशासन को स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों का भी भरपूर सहयोग मिला। कई इलाकों में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस ने पहले से ही संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष प्रबंध किए थे। हर थाना क्षेत्र में गश्त के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और अल्कोहल टेस्टिंग मशीनों का इस्तेमाल किया गया। नव वर्ष के मौके पर पुलिस की इस सक्रियता ने न केवल लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया, बल्कि अनुशासन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सादिकपुर खड़वारी गांव में मंगलवार रात एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को मोर्चरी पहुंचकर परिजनों ने महिला की हत्या का आरोप लगाया। सादिकपुर खड़वारी निवासी जयपाल रावत की पत्नी आसमा (35) का शव मंगलवार रात कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। परिवार के अनुसार, आसमा की शादी 2011 में अजगैन थाना क्षेत्र के बक्तौरीखेड़ा निवासी सीताराम की बेटी के रूप में हुई थी। घटना के वक्त पति जयपाल लखनऊ में काम पर थे। बेटे करण ने दरवाजा बंद पाया और किसी तरह अंदर घुसने पर मां को फंदे पर लटका हुआ देखा। बताया जा रहा है कि घरेलू काम को लेकर आसमा का विवाद सास विशुना, देवर गोविंद, जलेसर और राज के अलावा जेठ के बेटे से हुआ था। घटना के बाद परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग कर रहे हैं। सोहरामऊ थाना प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है और हर पहलू पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## तुलसी पूजन यात्रा सम्पन्न कराने में सहयोग के लिए जिलाधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आज गत माह 25 दिसंबर को विशाल तुलसी पूजन यात्रा पूरी भव्यता व दिव्यता के साथ नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव द्वारा गत वर्षों की भांति 51000 तुलसी के पौधे वितरित करते हुए सैकड़ो भव्य झंकियों के साथ निकाली गई थी ,जिसमे जिला प्रशासन के चाक चौबन्ध इंतजाम भी सहायक रहे इससे यात्रा में जुटे हजारों भक्तों और दर्जनों विशिष्ट अतिथियों को कोई असुविधा नही हुई। इसके लिए विमल द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया इसी क्रम में वो जनपद के मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों से व्यक्तिगत मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। उम्दा प्रशासनिक इंतजामो और सहयोग के लिए नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने जिलाधिकारी गौरांग राठी सहित पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह व सीएम ओ डा. सत्यप्रकाश व नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज , अपर जिलाधिकारी/ नगर पालिका प्रभारी विकास सिंह,सीओ सिटी सोनम सिंह सहित यातायात प्रभारी भुवन सिंह व शहर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका संजय गौतम को प्रशस्ति पत्र,प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया व आंग्ल नववर्ष की शुभकामनायें प्रेषित किया। इस अवसर पर जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, शिवम शुक्ला उपस्थित रहे !

## फांसी के फंदे झूलकर महिला ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली युवती सदर कोतवाली क्षेत्र के एक कम्पनी में एक फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। बुधवार की सुबह उसकी साथी युवती काम पर चली गई, इसके बाद कमरे में फांसी के फंदे से झुलकर जान दे दी। मकान मालिक ने शव लटकता देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर चौरासी निवासी मुन्नी लाल की 23 वर्षीय बेटी शिल्पी अपनी साथी सहेली अंजली के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा क्षेत्र के महावीर कम्पनी में सिलाई का काम करती थी। बुधवार की सुबह अजंली कम्पनी में काम करने के लिए चली गयी। इसी बीच शिल्पी ने कमरे में फांसी के फंदे से झूलकर जान दे दी। मकान मालिक राम भजन ने काफी देर बाद कमरे में जाकर देखा तो शिल्पी का शव फंदे से लटक रहा था। जिसके बाद उसने घटना कि जानकारी दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका पांच बहने थी जिसमे शिल्पी तीसरे नम्बर की है। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताया है पुलिस घटना को लेकर कई पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी होने पर सहेली फैक्ट्री से वापस आई और वो रो-रोकर बेहाल होती रही। पुलिस से पूछताछ में बताया कि उसे भी इस बात की कोई भनक तक नहीं लगी कि उसकी साथी इतना बड़ा कदम उठा लेगी फिलहाल किन करणों से यह कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## तेज बर्फीली हवाओं से ठंड ने पकड़ी अपनी रफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सर्दी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार रात से तेज बफीर्ली हवाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। ठंड इतनी बढ़ गई कि गलन ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया। मंगलवार को पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए, जिससे गलन और बढ़ गई। बुधवार की सुबह भी ठंड ने अपना प्रचंड रूप दिखाया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलने में हिचकिचाते रहे। तापमान में गिरावट देखने को मिला है, पारा 9त्उ तक पहुँच गया। हवाएं 11 किमी की रफ्तार से चलती रही। सोमवार रात से तेज बफीर्ली हवाएं चल रही थीं, जो मंगलवार को भी जारी रहीं। ठंडी हवाओं और कोहरे के कारण गलन ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। मंगलवार शाम को जैसे ही अंधेरा हुआ, ठंड और बढ़ गई। शाम पांच बजे के बाद गलन इतनी तेज हो गई कि लोग जल्दी-जल्दी अपने काम निपटाकर घरों की ओर भागते नजर आए। बुधवार को सुबह से ही ठंड बरकरार रही। बुधवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी हुई थी। बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन और नवीन पुल जैसे प्रमुख मार्गों पर वाहन चालक अपने वाहनों की लाइट जलाकर सफर करते दिखे। घने कोहरे के कारण वाहन सवारों को सतर्कता बरतनी पड़ी। कुछ बाइक सवारों ने अपनी गाड़ियों की लाइट पर पीली पन्नी लगाकर यात्रा की, ताकि कोहरे में दृश्यता बनी रहे। तेज ठंड के बावजूद नगर पालिका की ओर से अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए खुद ही कूड़ा-करकट और पॉलीथिन जलाकर आग तापते नजर आए। यह स्थिति मुख्य चौराहों और बाजारों में अधिक देखने को मिली। लोग नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। ठंड के कारण लोग सिर से लेकर पैर तक गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। बाजारों और सड़कों पर रजाइयां, स्वेटर, जैकेट और मफलर की बिक्री तेज हो गई है। कड़ाके की सर्दी का असर स्कूलों, कार्यालयों और बाजारों में भी देखा गया। ठंड के कारण बाजारों में रौनक कम हो गई है। सुबह के समय सड़कों और गलियों में सन्नाटा पसरा रहता है। मजदूर वर्ग और दैनिक कामगारों के लिए यह ठंड खासा मुश्किलें लेकर आई है।

## गरीब असहाय वृद्ध लोगों को कंबल किया वितरण




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। मुनउखेडा के राम आसरे रावत पूर्व उपनिरिक्षक ,व राम करन रावत पूर्व उपनिरिक्षक ने गाव के मुनउखेडा,हमीरपुर, लालता प्रसाद खेडा,यसवन्त खेडा के बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया इस अवसर पर लगभग 300 लोगों को कम्बल वितरण का किया। इस मौके पर राकेश कुमार रावत , राकेश कुमार रावत हमीरपुर ,दीपक कुमार , आनंद, रविन्द गौतम, आदि सभी ग्रामवासीय लोग मौजूद रहे । मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रशांत रावत डॉक्टर सरिता रावत मौजूद रहे।

## चोट लगने से इलाज के दौरान महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर निवासिनी एक महिला आवारा जानवरों को हाँकने गई जो अचानक चोट लगने से घायल हो गई जिसे परिजन सी एच सी ले गए जहाँ से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासिनी ज्ञानवती उर्फ.रजाना उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी छोटेलाल मंगलवार रात घर के बाहर बरामदे में सो रही थी देर रात अचानक आवारा जानवर आगये जिन्हें भगाने लगी तभी अचानक अज्ञात कारण से चोट लग गई जिससे वृद्धा घायल हो गयी। परिजनों ने आवारा जानवरों को भगाकर घायल महिला को सी एच सी लाए, जहाँ से जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ज्ञानवती की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल हैं। परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गरीब भूमिहीन किसानों को पट्टा दिलाने की पहल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गरीब और भूमिहीन किसानों को ग्रामसभा की भूमि के पट्टे दिलाने के लिए आंदोलन की शुरूआत की जा रही है। किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने सोमवार को ग्राम शंकरपुर सराय के नयाखेड़ा में आयोजित बैठक में इसकी घोषणा की। आगामी 5 जनवरी 2025 से जिले के हर गांव में किसान कार्यालय खोले जाएंगे, जहां किसान अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकेंगे। अजय अनमोल ने कहा कि पहले ग्रामसभा की भूमि पर पट्टे गरीबों और जरूरतमंद किसानों को दिए जाते थे, लेकिन यह प्रक्रिया पिछले कुछ वर्षों से बंद है। यह गरीबों और किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की भूमि पर पट्टा लेना गरीबों का कानूनी अधिकार है, जिसे उन्हें दिलाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों में किसानों के साथ होने वाले अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अजय अनमोल ने कहा कि उन्नाव की धरती पर लव-कुश की कहानी प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि किसानों के बच्चे अब लव-कुश बनकर अपने सम्मान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे। ट्रांस गंगा सिटी के किसानों को समझौते के तहत निशुल्क भूखंड जल्द दिलाने और प्रदूषित पानी से बंधर क्षेत्र के किसानों को होने वाले नुकसान को रोकने का भी आश्वासन दिया। अजय अनमोल ने यह भी कहा कि किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा मिले, इसके लिए सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की जाएगी। साथ ही, कृषि मंडियों में अवैध कटौती को रोकने और नई लाभकारी कृषि नीति बनाने के लिए लखनऊ और दिल्ली में सरकार से प्रभावी कदम उठाने की अपील की जाएगी। जिला संयोजक जयप्रकाश राजपूत और जिला महासचिव प्रदीप निषाद ने बताया कि 5 जनवरी 2025 से तहसील सदर के गांव सन्नी, चम्पापुरवा, फत्तेखेड़ा, नेतुआ, सरैया, आजाद नगर, कटहा दलहनपुर, गजियाखेड़ा, कल्लू पुरवा और त्रिभुवनखेड़ा में किसान कार्यालय खोले जाएंगे। ये कार्यालय किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शुभाष राजपूत, जिला संगठन मंत्री लल्लन शर्मा, जिला सचिव करन त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत सहित अन्य नेताओं ने किसानों के मुद्दों पर अपने विचार रखे।

## इंटरनेट युग में ग्रीटिंग्स कार्ड बाजार से हुए गायब

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। बदलते समय के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड भेजने की परंपरा समाप्त हो गई है इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए संदेश भेजना अब सरल हो गया है। पहले लोग नए साल के लिए ग्रीटिंग कार्ड का इंतजार करते थे बदलते वक्त के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए संदेश पहुंचाने याद दिलाने की बात अब पुरानी हो गयी। अब तो इंटरनेट का जमाना है और चंद सेकेंड में ही ऑनलाइन चेटिंग, वीडियो कॉलिंग और सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से एक-दूसरे को संदेश पहुंच जाता है। एक वक्त था जब लोगों को नए साल की आहट होने के साथ ही ग्रीटिंग कार्ड का इंतजार रहता था। हर कोई विभिन्न प्रकार की शायरी संदेशों से भरे काड्र्स का इंतजार करते थे। इंटरनेट के जमाने में बीते कुछ वर्षों से धीरे-धीरे ग्रीटिंग कार्ड भेजने की परंपरा लगभग पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक युग में अब ईमेल, मोबाइल, फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से संदेशों का आदान प्रदान करते हैं। ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए हैप्पी न्यू ईयर और नव वर्ष मुबारक कहने का अलग अंदाज था। पुराने साल समाप्त होने के अंतिम बेला और नववर्ष की शुरूआती सप्ताह तक लोग बेसब्री से डाकिया और ग्रीटिंग्स कार्ड का इंतजार करते थे जिसका अलग आनंद होता था।

## सड़क मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दस घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। मंगलवार की शाम मराहला चौराहे की ओर जा रहे टैंकर ने पहले एक हैरियर कार को टक्कर मारी, फिर सवारी भरे टेंपो और सड़क किनारे खड़े ऑटो से भिड़ गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है। यह हादसा सहजनी तिराहे के पास हुआ। टैंकर ने स्पीड ब्रेकर पर कार को दाहिनी ओर से टक्कर मार दी। इसके बाद टैंकर ने टेंपो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसमें बैठे दो लोग उछलकर सीधे टैंकर के नीचे आ गए। इनमें से वारावंकी खालिक पुरवा के रहने वाले हसनैन (पुत्र नासिर अली) की मौके पर ही मौत हो गई। हसनैन के ऊपर टैंकर का टायर चढ़ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में रायबरेली के 65 वर्षीय रईस का एक पैर कट गया, जबकि उनकी पत्नी अनीशा खातून भी घायल हुईं। इसके अलावा, माखी की 70 वर्षीय वृद्धा दर्गा देई, सहजनी की मोनिका, चंपापुरवा के 10 वर्षीय आशु और अंशु समेत कुल दस लोग घायल हुए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन गुस्साई भीड़ ने उसे पकड़कर जमकर पीट दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को भीड़ से छुड़ाया और उसे हिरासत में ले लिया। इस हादसे के चलते शुक्लागंज की ओर जाने वाला यातायात करीब एक घंटे तक बाधित रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

## सम्पादकीय

# कृषि क्षेत्र पर अधिक फोकस की जरूरत

कभी भुखमरी के लिए अभिशप्त ओडिशा के कालाहांडी में सब्जी क्रांति बदलाव की नई गाथा लिख रही है। देश में कृषि क्षेत्र में छोटे छोटे अभिनव प्रयासों से बड़ा परिवर्तन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के कालाहांडी जिले के गोलामुंडा ब्लॉक के किसानों की क्षेत्र में 'सब्जी क्रांति' लाने के लिए सराहना की है। यहां के प्रगतिशील किसानों ने किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) की स्थापना कर आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से कालाहांडी जिले में सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया। कालाहांडी को कभी गरीबी और लोगों के पलायन की भयावह स्थिति के लिए जाना जाता था। 10 किसानों के एक छोटे से समूह ने किसान उत्पाद संघ की स्थापना की, खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल शुरू किया, आज 200 से अधिक किसान इस संघ से जुड़े हैं, जिनमें 45 महिला किसान भी हैं। ये लोग मिलकर 200 एकड़ में टमाटर की खेती कर रहे हैं, 150 एकड़ में करेले का उत्पादन कर रहे हैं। कालाहांडी की यह सफलता सभी किसानों और कृषि से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा है। सिक्किम, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, कश्मीर, केरल समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में किसान खेती में अभिनव प्रयोग कर रहे हैं, खेती को लाभकारी बना रहे हैं, अनाज उत्पादन से इतर नई फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खेती में नई प्रौद्योगिकी समेत बाजार तक पहुंच और भंडारण क्षेत्र में सरकार अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है, किसान उत्पादक संघ और सहकारिता मॉडल से कृषि क्षेत्र में कायापलट हो रही है। हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि कर्ज, कृषि उत्पादों का मूल्यीकरण, खाद व बीज की उपलब्धता, कृषि उत्पादों का भंडारण आदि अनेक समस्याएं हैं, जिनसे कृषि क्षेत्र रूबरू है। इन सबके बीच दो वर्ष में ही तकदीर बदलने वाले कालाहांडी जैसे प्रयोग उम्मीद जगाते हैं। देश में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव के लिए कॉपरेटिव मॉडल को तेजी से अपनाने की जरूरत है। एफपीओ, पैक्स आदि प्रयास हो रहे हैं, पर केंद्र व राज्य सरकारें समेत एपीडा जैसे संगठनों की ओर से कृषि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग की आवश्यकता है। देश में कृषि व संबद्ध क्षेत्र में व्यापक पोटेंशियल है। खाद्य सुरक्षा वैश्विक जरूरत है, भारत इसमें अपना योगदान और बढ़ा सकता है। साठ के दशक के हरित क्रांति का लाभ केवल अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भरता तक सीमित है, इसे विस्तार देने की जरूरत है। विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए जरूरी है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर पांच फीसदी के ऊपर निरंतर बनी रहे, भारत में क्षमता भी है, बस कृषि में अभिनव बदलाव को अपनाने की आवश्यकता है। चालू वित्त वर्ष 2024 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर केवल 1.4 फीसदी रही। यह चिंताजनक स्थिति है। कृषि क्षेत्र को अधिक सब्सिडी, सस्ते कर्ज, सुलभ भंडारण और व्यापक बाजार की आवश्यकता है। केवल मानसून पर निर्भर रहते हुए कृषि की कायापलट नहीं हो सकती है। नव वर्ष 2025 में खाद्यान्न उत्पादन नया रिकॉर्ड बना सकता है, पर कृषि क्षेत्र की प्रगति व किसानों की खुशहाली के लिए इतना ही काफी नहीं है। दहलन, तिलहन, मोटे अनाज (मिलेट्स), फल, सब्जियों और मसाले व औषधिय जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। चूंकि किसानों की बदहाली व आत्महत्या की खबरें कृषि क्षेत्र के स्याह पहलू को उजागर करती हैं। इसलिए केवल सराहना से बात नहीं बनेगी, कृषि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है।

# युवाओं में राजनीति के प्रति हिचक क्यों?



विचार

डॉ.संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 26 दिसंबर को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ' समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से राजनीति में आने का एक बार फिर आव्हान किया है। गौरतलब है कि इसी साल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लालकिले के प्राचीर से भी प्रधानमंत्री ने एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में आने की अपील किया था जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री का यह आव्हान देश को जातिवादी और वंशवादी राजनीति से छुटकारा दिलाने के लिए है। बहरहाल यह पहली मर्तबा नहीं है जब देश के किसी प्रधानमंत्री या राजनीतिक दल ने युवाओं को राजनीति में शामिल होने के लिए प्रेरित किया हो। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का भी मानना था कि देश के निर्माण और विकास में युवाओं की सत्ता में भागीदारी आवश्यक है। इसी मंशा को लेकर उनकी सरकार ने साल 1988 में संविधान के 61वें संशोधन के द्वारा मताधिकार की उम्र को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया था।इस फैसले को 24 मार्च 1989 से लागू किया गया जिसके अनुसार 18 वर्ष के युवा लोकसभा सदस्य, विधायक से लेकर अन्य निकायों के जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। राजीव भी चाहते थे कि देश के युवाओं की पंचायत से लेकर संसद तक सक्रिय भागीदारी हो लेकिन देश की राजनीतिक व्यवस्था में युवा अभी भी हाशिए पर हैं।

गौरतलब है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी बदलाव चुनाव के द्वारा ही संभव है लेकिन राजनीति और चुनाव के प्रति युवाओं की उदासीनता के चलते देश की राजनीतिक व्यवस्था को वैसी दिशा नहीं मिल रही है जितनी उम्मीद थी। भारत युवा आबादी के मामले में दुनिया का अव्वल देश है जहां की 65 फीसदी आबादी पैंतीस साल के तथा 50 फीसदी आबादी पच्चीस साल के हैं। एक जानकारी के मुताबिक भारत की औसत आयु 25 साल है जो चीन से 10 साल और अमेरिका से 15 साल कम है।अलबत्ता विशाल आबादी के बावजूद लोकसभा और विधानसभाओं में युवाओं की हिस्सेदारी बहुत कम है। साल 1952 में देश के प्रथम लोकसभा में 26 फीसदी सांसद 40 साल से कम उम्र के थे तथा अब तक के संसदीय इतिहास में लोकसभा में सबसे ज्यादा 40 साल से कम उम्र वाले 35 फीसदी सांसद 1957 में दूसरे लोकसभा में रहे हैं। लोकसभा में युवाओं का इतना सर्वाधिक प्रतिनिधित्व तब था जब देश में युवाओं की आबादी आज की तुलना में बहुत कम था। विरोधाभास यह कि आज जब देश दिनों-दिन युवा हो रहा है तब हमारा संसद लगातार बूढ़ा होने लगा है। पिछले 17 वीं लोकसभा में युवाओं की



भागीदारी महज 12 फीसदी थी जिसमें से 7 फीसदी युवाओं के ताल्लुकात राजनीतिक वारिस के तौर पर था मतलब इनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक परिवार की थी। अमूमन वर्तमान यानि 18 वीं लोकसभा के हालात भी पिछली लोकसभा जैसी है लेकिन इस बार 7 सांसद 29 साल से कम उम्र के हैं।इन परिस्थितियों में युवा मताधिकार के तीन दशकों के बाद भी देश के राजनीति और लोकतंत्र में आशातीत बदलाव नहीं आया है। दूसरी ओर देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां युवाओं को अपनी पार्टी में बढ़ावा देने का वादा तो बढ़ चढ़कर करतीं हैं लेकिन चुनाव के दौरान टिकट बांटते समय हकीकत कुछ और ही होती है। अधिकांश पार्टियां चुनावी टिकट बांटते समय ऐन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के जुगत के चलते अपने युवा कार्यकर्ताओं की जगह जाति, धर्म और क्षेत्रवाद को तरजीह देते हैं फलस्वरूप युवाओं में हताशा पनप रहा है।दूसरी ओर पार्टियों में जारी धनबल, भ्रष्ट आचरण और बाहुबल के बढ़ते दखल के चलते युवाओं की दिलचस्पी चुनावी राजनीति में बहुत कम है फलस्वरूप उपरोक्त विसंगतियां दिनों दिन जड़ें जमा रहीं हैं जो लोकतंत्र की मर्यादा को कलुषित कर रही है। इन बुराईयों को दूर करने के लिए युवाओं को चुनावी राजनीति का हिस्सा बनना ही होगा आखिरकार वे ही भारत के भाग्य विधाता हैं।

गौरतलब है कि मतदान की आयु भले ही 18 साल है लेकिन विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने की आयु 25 वर्ष है जबकि निकाय चुनावों के लिए यह अहर्ता 21 साल की है। सियासी गलियारों में गाहे-बगाहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की आयुसीमा घटाने की मांग उठती रहती है जो जायज भी है।बीते साल एक संसदीय समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र 25 साल से घटाकर 18 साल करने की सिफारिश की है। दूसरी ओर पिछली लोकसभा में राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी तथा राज्यसभा में आम आदमी पार्टी 'आप' के सदस्य राघव चड्ढा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आयुसीमा 21 साल करने संबंधी निजी विधेयक पेश किया है। इस मांग का समर्थन अन्य राजनीतिक दल भी कर रहे हैं।इन दलों की दलील है कि अगर नगरीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव लड़ने की उम्र 21 साल है तब लोकसभा और विधानसभा के लिए 25 साल क्यों होना चाहिए? तर्क यह भी है कि यदि 18 साल की उम्र में युवा वोट डालकर सरकार चुन सकता है तो वह खुद सरकार में क्यों शामिल नहीं हो सकता? गौरतलब है कि युनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया, जर्मनी,कनाडा, स्वीटजरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क और बेल्जियम में संसद की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है। अलबत्ता भारत में संसद और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र घटाने की मांग इसलिए भी वाजिब है क्योंकि भारत भले ही आज औसत आयु के लिहाज से दुनिया का सबसे नौजवान देश है लेकिन साल 2030 के बाद देश की औसत आयु बढ़नी शुरू हो जाएगी लिहाजा आने वाले 7-8 सालों में युवाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि के रूप में पहुंचने और सरकार का हिस्सा बनने का मौका जरूर मिलना चाहिए।

विचारणीय है कि विधायिका में नई पीढ़ी की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं को राजनीति के प्रति अपनी उदासीनता त्यागनी होगी। एक संस्था सीएसडीएस - लोकनीति के सर्वेक्षण के मुताबिक 46 फीसदी युवा राजनीति के प्रति रूचि नहीं रखते वहीं तीन चौथाई यानि 75 फीसदी युवा किसी भी प्रकार के चुनावी गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहते।युवाओं के राजनीति के प्रति अरुचि का अहम कारण सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां है।आमतौर पर अभिभावकों और शिक्षाविदों का मानना है कि युवाओं को राजनीति के पचड़े में नहीं पड़ना चाहिए।यह भी सच है कि राजनीति एक महंगा और जोखिम भरा क्षेत्र है जिसमें सफलता की गारंटी लगभग अनिश्चित रहती है।इन सब मिथकों और मजबूरियों के कारण ही युवा राजनीति से दूर हो रहे हैं लेकिन इसका दुष्परिणाम हमारे राजनीतिक व्यवस्था में दिखाई दे रहा है।

युवाओं से अपेक्षा है कि वे अपने कैरियर के साथ -साथ राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव का हिस्सा बनें क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव ही ऐसा साधन है जिसके जरिए लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और बेहतर रोजगार मुहैया कराया जा सकता है।देश के राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो भारत के आजादी के आंदोलन से लेकर आजाद भारत में ऐसे जनांदोलन हुए हैं जिसे युवाओं ने ही मजबूती दी थी। इन आंदोलनों ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी थी लिहाजा युवाओं को अपनी भूमिका राजनीतिक क्षेत्र में भी सुनिश्चित करनी होगी ताकि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में नवाचार, नवोन्मेष और नवविचार का समावेश संभव हो सके।

## विकास की बात

सुशील देव



# अपनी समस्याओं का हल चाहते हैं दिल्ली के मतदाता

चुनावी मौसम आते ही वादों और इरादों की बौछार शुरू हो जाती है। हर पार्टी मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की लंबी फेहरिस्त पेश करती है। लेकिन दिल्ली के मतदाता अब सवाल कर रहे हैं कि उनके मूलभूत अधिकारों और आवश्यकताओं का ध्यान कौन रखेगा? बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण आम लोगों का जीवन आज भी संघर्षपूर्ण है। यही कारण है कि दिल्ली के नागरिक अपनी आवश्यकताओं के प्रति जागरूक हो चुके हैं और चाहते हैं कि जो भी सरकार बने, वह उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान करे। दिल्ली के कई इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहद अभाव है। कई कच्ची कॉलोनियां हैं, जो कहने को तो पक्कीकरण का दर्जा मिल गया है लेकिन सुविधाएं नदारद हैं। कई इलाकों में तो वहां के निवासियों को इलाज की सुविधाएं नहीं। इससे मरीजों और उनके परिवार वालों को आर्थिक और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। उदाहरण के तौर बाहरी दिल्ली के जय विहार, हरफूल विहार या नंगली विहार एक्सटेंशन के लोगों को ही लें, यहां के लोग इलाज के लिए 12 से 15 किलोमीटर दूरी पर सरकारी अस्पताल में जाते हैं। वहीं शिक्षा की बात करें तो सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और कौशल विकास के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। मतदाता चाहते हैं कि नई सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे। स्कूलों की शिक्षा को और बेहतर बनाया जाए ताकि महंगे और निजी स्कूलों की बड़ी फीस से मध्यमवर्गीय परिवार को राहत मिल सके। जहां तक साफ-सफाई की बात है, इसके लिए नगर निगम स्तर पर चुस्ती बरतनी होगी। दिल्ली में स्वच्छता की स्थिति हर जगह संतोषजनक नहीं है। कई इलाकों में टूटी नालियां और सड़कों पर कचरे का ढेर आम दृश्य बन गए हैं। नालियों की सफाई के अभाव में गंदगी फैलती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता है। राजधानी के कई क्षेत्रों में पीने के पानी की गुणवत्ता खराब है। यहां गंदा पानी पीने को लोग मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। प्रदूषण से इस बार दिल्ली ज्यादा हलकान रही। हालांकि पिछले कई सालों से प्रदूषण की समस्या रही है। लेकिन दिल्ली या केंद्र सरकार इस पर अधिक गंभीरता नहीं दिखाई। हवा की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई। लोग बीमार हुए। बढ़ते प्रदूषण के खतरे और भविष्य में इसके उपायों के मद्देनजर सरकार को पुख्ता समाधान करना चाहिए। सड़कों की खराब हालत भी एक बड़ी समस्या है। कई इलाकों में नई सड़कें अधूरी पड़ी हैं और पुरानी सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। साथ ही, स्ट्रीट लाइट्स की खराब स्थिति से अंधेरे में राहगीरों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में अपराध की घटनाएं इन दिनों बढ़ी हैं। आम लोग मानते हैं कि दिल्ली पुलिस को और मुस्तैदी बरतने की जरूरत है। वहीं इस बार मतदाता चाहते हैं कि सड़क और बिजली की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो। राजधानी शहर के कई बड़े हिस्से में सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव है। शहर की कई कॉलोनियों में बारात घर, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी एक गंभीर समस्या है। जय विहार, हरफूल विहार और नंगली विहार जैसे इलाकों में पार्क नहीं होने के कारण बच्चे खेलने से वंचित हैं और बुजुर्गों को टहलने की सुविधा नहीं है। बारात घर न होने से सामूहिक आयोजनों के लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन सुविधाओं की कमी को दूर करना नई सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली, देश की राजधानी होने के बावजूद, कई मामलों में पिछड़ी हुई नजर आती है। दिल्ली के लिए मास्टर प्लान तो बनाया गया है, लेकिन उसका सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। मतदाताओं का मानना है कि धरातल पर काम होना चाहिए और योजनाओं को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। दिल्ली के मतदाताओं का कहना है कि केवल वादों से काम नहीं चलेगा। जो भी पार्टी उनकी समस्याओं का समाधान करने का ठोस खाका प्रस्तत करेगी और उसे अमल में लाएगी.

# ईश्वरीय शक्ति हर प्राणी के भीतर है मौजूद



संकलित

दर्शन

सत्कर्म, जिनसे तुम्हें पुण्य मिलता है। तुम जब किसी के लिए कुछ अच्छा करते हो और वो तुम्हें हृदय से धन्यवाद करते हैं तब तुम्हें उसका पुण्य मिलता है। यही सत्कर्म है। दूसरे तरह के ऐसे कर्म जिनसे तुम्हें पाप मिलता है। तुम किसी के साथ कुछ करते हो, उन्हें दुःख, घुटन और परेशानी होती है, तब तुम पाप के भागी होते हो। मिश्रित फल वाले कर्म मिश्रित फल देते हैं। ऐसे कुछ कर्म जिनका फल पाप और पुण्य, दोनों का मिश्रण होता है। ऐसे कर्म, जो तटस्थ परिणाम देते हैं, जो पाप और पुण्य, दोनों ही नहीं देते हैं। जैसे तुम सुबह सैर करने जाओ, उससे न पाप है न पुण्य। वह कर्म मात्र है। तुम किसी कमरे की सफाई कर रहे हो, इसका भी कोई पाप पुण्य नहीं है। परंतु यही कर्म तुम यदि किसी की सहायता के लिए करो तब उससे पुण्य प्राप्त होता है। कृष्ण कहते हैं, तुम किसी की भी प्रार्थना करो, सब मुझ तक ही आना है क्यूंकि मैं ही अस्तित्त्व का केंद्र हूं। तुम किसी की कहीं भी आराधना करो, वह मन को घुलाने का कार्य मात्र है। जैसे एक मीठी गोली पानी में घुल जाती है, वह जैसे भी पानी में जाए, इससे कुछ अंतर नहीं पड़ता, उसे तो पानी में घुलना ही होता है। पूजा भी इसी तरह अपने मन को अस्तित्त्व के साथ एकाकार करने का कार्य है।

# सत्संग की महिमा, जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति सत्संग से बाहर निकला और जोर-जोर से हंसने लगा। पास खड़े गुरसिख ने पूछा, क्या हुआ बहुत खुश हो, तुम्हें क्या मिल गया है? उसने कहा, आज से मुझे कोई हरा नहीं सकता। मैं किसी से हारूंगा नहीं। दूसरे ने पूछा, अरे भाई मुझे भी बताओ ऐसी क्या बात है? आप कभी हारेंगे कैसे नहीं? तो पहले ने कहा, बड़ा आसान उपाय है। सामने वाले के पांव पकड़ लो और धन निरंकार कह दो, सामने वाला दयालु हो जाएगा। आशीर्वाद मिलेगा और अपनी मैं की भावना भी मिटेगी। अगर नम्रता का गुण होगा तो कभी कोई झगड़ा नहीं होगा, तकरार नहीं होगी, प्यार ही प्यार होगा। रोज सत्संग में आओ, दंडवत नमस्कार करना शुरू करो, आप अपनी मैं को खोज नहीं पाओगे। सत्संग से हमें यही शिक्षा मिलती है कि आनंद में रहो, खुश रहो। जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें। दौड़-दौड़ कर सत्संग में आओ, दुख आपसे दौड़ जाएंगे। आनंद में रहने की आदत बन जाएगी। प्रातःकाल का सत्संग जीवन में अनेक लाभ देता है। प्रातःकाल जल्दी उठकर स्नान आदि करके सत्संग में जाना अच्छी आदत होती है जिससे सारा दिन अच्छा गुजरता है। जैसे सुबह एक बार स्कूटर की टंकी तेल से फुल कर लें, तो सारे दिन की चिंता खत्म हो जाती है। जहां जाना होता है, घूमते फिरो, पेट्रोल डलवाने की चिंता नहीं। इसी प्रकार सुबह संतों के दर्शन हो जाएं और सद्गुरु का आशीर्वाद मिल जाए, तो सारा दिन खुशी-खुशी आनंद से कटता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सरकार को बढ़ती कीमतों पर अब लगाम लगाना चाहिए

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई।

*-विकास कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### आयुष्मान भारत योजना



मुझे इस बारे में जानकर बहुत संतोष हुआ है कि बीते कुछ वर्षों में देश में समय पर कैंसर का इलाज करवाने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसमें आयुष्मान भारत योजना एक बड़ा संबल बनी है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संवेदना व्यक्त



महावीर मंदिर न्यास के सचिव व पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन दुःखद है। सेवा, संस्कृति व सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित किशोर कुणाल ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। ॐ शांति।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समाधि के लिए जमीन



देश के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। लेकिन अब 10 वर्ष प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए बीजेपी सरकार 1000 गज़ जमीन भी न दे सकी?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**

### आप सरकार को आदेश



यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य से जुड़े पीएम अभिम योजना का लाभ दिल्ली को दिलाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा एवं आदेश जारी कर आप सरकार को एमओयू साइन करने का आदेश देना पड़ा।

**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**

## करंट अफेयर

# मस्क ने एच-1बी वीजा को बचाने के लिए खाई कसम



एलन मस्क को एच-1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला है। एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने को इस कार्यक्रम की रक्षा करने के लिए युद्ध तक करने की कसम खाई थी। ट्रंप ने अपने सरकारी दक्षता मंत्रालय का नेतृत्व करने के लिए मस्क को भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ चुना है। मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है। मस्क ने शुक्रवार को इस बारे में 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता को फटकार लगाई,

## ऑफ बीट

# नियमित त्वचा कैंसर की जांच की आवश्यकता नहीं



ऑस्ट्रेलिया विश्व में त्वचा कैंसर की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है, जहां हर साल लगभग 19,000 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा कैंसर के सबसे खतरनाक प्रकार 'मेलेनोमा' का निदान किया जाता है। मेलेनोमा तेजी से बढ़ता है और किसी भी अंग में फैलने की क्षमता रखता है। मेलेनोमा मेलेनोसाइट्स नामक त्वचा कोशिकाओं से आता है। मेलेनोमा हालांकि घातक हो सकता है, लेकिन यदि इसका समय पर पता चल जाये तो इसका इलाज संभव है। ऑस्ट्रेलिया में नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी सामान्य आबादी में मेलेनोमा की जांच की अनुशंसा नहीं करते हैं।

संक्षेप

## युवा कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह रैकवार को भाजपा ने बनाया हुजूरपुर मंडल अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। दुर्गेश सिंह रैकवार लंबे समय से भाजपा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दुर्गेश सिंह रैकवार भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष थे और अध्यक्ष पद रहते हुए संगठन और पार्टी में उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए पार्टी ने यह निर्णय लिया। दुर्गेश सिंह की इस नियुक्ति से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल है और पार्टी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में मंडल हुजूरपुर संगठनात्मक रूप से और मजबूत होगा।मंडल अध्यक्ष बनने के बाद दुर्गेश सिंह ने कहा, ?मैं पार्टी का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा।?दुर्गेश सिंह की इस उपलब्धि पर स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी को उनसे काफी उम्मीदें है।

## डॉक्टर साहब मैं गिर गया और गिट्टीयां लग गई

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में आधा दर्जन मुकदमों में निरुद्ध एक युवक पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने का मामला बीती रात प्रकाश में आया। थोड़े समय के लिए तो पुलिस के अफसर भी सकते में आ गए। घायल युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज से बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कराते हुए पुलिस ने इन्वेस्टीगेशन शुरू किया। जांच में युवक द्वारा गोली चलने की बात सही नहीं निकली है। मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर टैनी गांव का है। अखंडनगर थाना क्षेत्र के उड़री गांव निवासी मोनू यादव पुत्र नान्हू यादव रविवार रात दूध देने के लिए घर से निकला था। पीड़ित के अनुसार, वो जब कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर टैनी गांव के पास पहुंचा तो बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशो ने उसे ओवरटेक किया और उस पर गोली दाग दी। गोली कंधे और हथेली में लगी है। आनन-फानन में उसे सीएचसी अखंडनगर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। कादीपुर-दोस्तपुर और अखंडनगर थाने में दर्ज हैं केस यहां से उसका इलाज करने के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ कादीपुर विनय गौतम, इंस्पेक्टर कादीपुर एके सिंह और इंस्पेक्टर अखंडनगर श्यामसुंदर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। सीओ ने बताया कि मोनू यादव पर 6 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें कादीपुर में 3, अखण्डनगर में 2 व दोस्तपुर में 1 मुकदमा दर्ज है। उन्होंने यह भी बताया कि शुरूआती जानकारी में यह पता चला कि शाम 06:15 बजे मोनू एक लोकल डॉक्टर को दिखाने गया था और यह बताया कि हम गिर गये और गिट्टी लग गयी है।

# सेवानिवृत्त हुए उपनिदेशक कृषि टीपी शाही को दी गई भावभीनी विदाई

## उपनिदेशक के कार्यों की किसानों सहित जनपद वासियों ने की जमकर सराहना

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। जिले में तैनात उपनिदेशक कृषि डॉक्टर टीपी शाही 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो गए सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई सम्मान समारोह में जनपद के कोने कोने से किसान समाजसेवी मीडिया कर्मी प्रकृति प्रेमी अधिकारी कर्मचारियों का जमघट इकट्ठा हो गया सभी ने उपनिदेशक कृषि श्री शाही को बधाई शुभकामनाएं देते हुए नम आंखों से विदाई दी। जनपद किसानों के सवार्गीण विकास में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले उप कृषि निदेशक बहराइच डाक्टर टीपी शाही अपने 30 तीस वर्षों की राजकीय सेवा से 31 दिसम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। जिले के किसानों की आय बढ़ाने हेतु अपने तीन 03 वर्षों के कार्यकाल में उनके द्वारा 80 एफपीओ का गठन कराया उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो इसके लिये बाबा रामदेव की पतांजलि आयुर्वेद कम्पनी अथवा बिल गेट्स मिलिन्डा जैसी मल्टी नेशनल कम्पनियों के बीच एमओयू कराकर उनकी आय वृद्धि के द्वारा खोले। जिला प्रशासन तथा विभाग द्वारा सौपे गये सभी कार्यों योजनाओं का उत्कृष्टता से प्रदर्शन किया। लखनऊ रोड पर स्थित एक रिजार्ट में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों प्रगतिशील किसान देवीपाटन मण्डल के समस्त अधिकारीगण, जिले के अधिकारीगण, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित कृषि विभाग बहराइच के समस्त कृषि परिवार ने उपस्थित होकर श्री शाही के गौरवपूर्ण कार्यकाल को याद किया तथा अपनी-अपनी शुभकामनायें प्रदान की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने सम्बोधन में बताया कि मेरे अपने कार्यकाल के दौरान उप कृषि निदेशक टीपी शाही को यदि कोई कार्य सौंपा जाता था तो उसका गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाता था। डीएम ने श्री शाही के द्वारा जिले के किसानों की आय वृद्धि में किये गये कार्यों को सराहा तथा उन्हें आने वाले नव वर्ष की बधाई दी। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कहा कि जनपद में मेरा अभी अल्पकाल है परन्तु इतने कम समय के अन्दर श्री शाही के गौरवपूर्ण कार्यों से प्रभावित रहा हूँ। उपनिदेशक कृषि डॉक्टर टीपी शाही ने जनपद के किसानों अधिकारियों कर्मचारियों सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि जनपद बहराइच व बहराइच के लोगों का मै आभारी हूं यहां के किसान बहुत ही मृदभाषी और मेहनती है उनकी मेहनत से आज जनपद का नाम देश में रोशन हो रहा है इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त होमगार्डों के विदाई समारोह में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## होमगार्ड संगठन द्वारा सेवानिवृत्ति होमगार्डों को दी गई भावभीनी विदाई

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के मुख्यालय बाबागंज में रिटायर हुए छः होमगार्डों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। बाबागंज के बाग में यह कार्यक्रम होमगार्ड संगठन द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीराम शर्मा एवं वशिष्ठ अतिथि चौकी प्रभारी बाबागंज अनिल यादव व सुरेश कुमार मदेशिया रहे। सर्वप्रथम होमगार्ड कमांडेंट राजकुमार सिंह द्वारा आये हुए अतिथियों एवं होमगार्डों को नववर्ष की बधाई ज्ञापित किया गया तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके बाद रिटायर हुए छः होमगार्डों गुरु प्रसाद श्रीवास्तव, भैरो प्रसाद, राम छबीले यादव, राघव राम शर्मा, सुंदर लाल, द्विजेंद्र मिश्र को उपहार देकर भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह के इस अवसर पर बोलते हुए होमगार्ड संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा की सरकार द्वारा हम लोगों के साथ दोहरा रवैया किया जाता है। देश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा समान कार्य के लिए समान वेतन के आदेश के बावजूद सरकार और पुलिस विभाग हमसे काम तो बहुत लेती है। लेकिन हम अवैतनिक कार्य कर रहे हैं हमको वेतन नहीं दिया जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार से मेरा अनुरोध है कि समान कार्य के लिए हमें भी समान वेतन दिया जाए और प्रदेश के होमगार्डों को अस्थाई किया जाए। इस मौके पर होमगार्ड कंपनी कमांडेंट राजकुमार सिंह सहित प्रवेश मिश्र अशोक शर्मा, अनुज सिंह, मो शरीफ अहमद, रामकिशोर, अकबर अली सहित सैकड़ों होमगार्ड कार्यक्रम में शामिल रहे।

# बाबागंज मे हुआ ऐतिहासिक पत्रकार सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत सोरहिया के ग्राम बीरपुर के पंचायत भवन प्रांगण में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वर्तमान प्रधान फौजदार वर्मा के द्वारा नूतन वर्ष 2025 के अवसर पर बुधवार को पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात नये और पुराने सभी सम्मानित पत्रकारगणों का परिचय भी हुआ।कार्यक्रम में जिले से लेकर तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सैकड़ो संस्थान से जुड़े इलेक्ट्रनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार सहित थाना प्रभारी रूपईडीहा दद्दन सिंह, चौकी प्रभारी बाबागंज अनिल यादव सम्मिलित हुए। प्रधान फौजदार वर्मा द्वारा उपस्थिति सभी लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समाज में उत्कृष्ट समाजसेवा/पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं कलम-डायरी देकर भव्य रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अशोक उपाध्याय, मनीराम शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, सुरेंद्र मदेशिया, विनोद गिरि, रूद्रप्रताप मिश्र, बनारस गिरि, रमेश सिंह, शेरसिंह कसौधन, संतोष मिश्रा, भुवन भाष्कर, राजकुमार, मो सलीम, संजय वर्मा, संजय गुप्ता, अनिल वर्मा, नीरज, पंकज अग्रवाल, मो जुनेद, मो जमील, मो इसरार, मो अकील, मो नईम, देवेश पांडे, अरविन्द वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

# बढ़ती ठंड में मदद के लिए उद्योग व्यापार मंडल ने दिए एक हजार कंबल

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते दो दिन से तराई में बढ़ी ठंड के बीच जरूरतमंदों की मदद के लिए उद्योग व्यापार मंडल बहराइच द्वारा व्यापारियों के सहयोग से प्रशासन को 1000 कंबल दिए गये हैं। बुधवार सुबह व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के माध्यम से प्रशासन को एक हजार कंबल सौंपे। कंबल देने गये प्रतिनिधिमंडल में दीपक सोनी दाऊजी, बृजमोहन मातनहेलिया, कुलभूषन अरोरा,मनीष मल्होत्रा, आशीष कंसल, नवनीत अग्रवाल, सुमित खन्ना सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। कंबल देने से पूर्व उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका व नगर अध्यक्ष दीपक सोनी 'दाऊजी' ने बताया कि तमाम व्यापारी व सामाजिक संगठन स्वयं कंबल बांटने निकलते हैं, कई स्थानों पर ऐसी जानकारी मिली है कि बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, अस्पतालों के पास एक ही व्यक्ति को एक या दो से अधिक कंबल मिल जा रहे हैं जबकि वास्तविक जरूरतमंदों तक कंबल नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिला प्रशासन के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से अलग अलग क्षेत्रों में कंबल वितरण बेहतर ढंग से होना संभव होता है। इसी क्रम में व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से कंबल वितरण में उक्त सहयोग दिया है। उन्होंने बताया कि कंबल सहयोगियों में विशेष तौर पर फ्लोर मिल एसोसिएशन, राइस मिल एसोसिएशन, साल्वेंट एसोसिएशन, गल्ला मंडी, एस.के. इंजीनियरिंग, होटल रिजॉर्ट एसोसिएशन, इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक एसोसिएशन, रेडीमेड एसोसिएशन, टू-व्हीलर एसोसिएशन, पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन सहित अन्य व्यापार संगठनों तथा व्यापारियों का सहयोग रहा।

# ठंड में गरीबों के मसीहा बने उप जिलाधिकारी कैसरगंज

## देर रात के अंधेरे में गरीबों को ढूंढ ढूंढ कर बांटे कंबल



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आलोक प्रसाद आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज ने देर रात निकल कर गरीब परेशान लोगों को ढूंढ कर ठंड से कांप रहे लोगों को कंबल वितरित किया। साथ ही साथ कस्बा कैसरगंज में जल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। आलोक प्रसाद ने बताया कि कड़ाके की ठंड का दौर चल रहा है। इस सर्दी में कुछ राहत पाने के लिए शासन के मनसानुसार गरीब बेसहारा परेशान व्यक्तियों के लिए शासन व प्रशासन कटिबद्ध है। उन्हें रात के अंधियलो में ढूंढ कर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया एवं बस स्टॉप कैसरगंज पर स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। कैसरगंज कस्बे में जल रहे अलाव की व्यवस्थाओं को देखकर भी हकीकत से रूबरू हुए। इस मौके पर नायब तहसीलदार बृजेश कुमार नगर पंचायत केसरगंज के कर्मचारी एवं राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# देर रात जिला अस्पताल पहुंचीं डीएम

## वार्डों में मरीजों से की बात, रूम हीटर लगवाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, डीएम निशा अनंत ने देर रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने अस्पताल प्रशासन को किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। डीएम ने निरीक्षण के दौरान मरीजों से उनकी स्वास्थ्य सेवाओं के अनुभवों को जाना और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। भीषण ठंड को देखते हुए डीएम ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मरीजों को साफ और धुले हुए कंबल उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा, आईसीयू और एनआईसीयू के साथ जरूरत पड़ने पर अन्य वार्डों में भी रूम हीटर लगाने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता और इलाज की प्रक्रिया पर भी ध्यान दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को सुधारने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा जलवा

## पीजी से 8 तक के बच्चों ने किया प्रतिभाग, एमएलसी ने बांटे पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, धम्मौर स्थित शांती पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पीजी से आठ तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में क्लास पीजी के गुब्बारा दौड़ में प्रथम कार्तिक और दूसरे स्थान पर ध्रुव व तीसरे स्थान पर पीयूष रहे। क्लास एलकेजी के खरगोश दौड़ में श्रेया प्रथम, दूसरे पर आर्या व तीसरे स्थान पर विराट रहे।

क्लास यूकेजी के मेढ़क दौड़ में आरव प्रथम, दूसरे पर श्रेयांश व तीसरे स्थान पर पवन रहे। क्लास प्रथम के अप एंड डाउन रेस में हर्षित, अकमल, रिषा, शौर्य प्रथम व शीवेन्द्र, सौरभ कोरी, सौरभ, रुद्र दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दो श्रृंखला दौड़ में अभि, कृति, साक्षी प्रथम व शिवांश, अहमद, शिवम दूसरे स्थान पर रहे।क्लास तीन में आक्टोपस रेस की पहली विजेता रिषा, कार्तिक, दिया, आर्यन और दूसरे नंबर के विजेताओं में प्रज्ञा, ओम यादव, अविका, उत्कर्ष शामिल रहे। कक्षा चार क्राल एंड जंप रेस में पहला स्थान विदित, लक्ष्य और दूसरे स्थान पर आर्थिक व किसलय रहे। कक्षा पांच की थ्री लैंग रेस में पहले पर प्राची, पूर्णिमा और दूसरे स्थान पर ग्रेसी, अक्षिता रहीं। कक्षा छह, सात और आठ की 500 मीटर रिले रेस लड़कियों की दौड़ में पहला स्थान अर्शिया, साक्षी व दूसरा स्थान पलर्क व अंशिका को मिला। लड़कों की दौड़ में पहला स्थान आकाश, आदर्श व दूसरा स्थान आदित्य व प्रियांशू को मिला। विजेता प्रतिभागियों को एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक अनिल पाठक ने बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में खेल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंजू यादव, खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार पाण्डेय अध्यापकगण सरिता सिंह, शबनूर बानो, सपना सिंह, राजमणि चौरसिया, प्रत्यक्षा श्रीवास्तव, साहिबा बानो, निशा यादव, क्षमा शुक्ला, श्रुति यादव, महिमा दूबे, बबिता कश्यप आदि मौजूद रही।

# वर्क फ्रॉम होम दिलाने के नाम पर 1.60 लाख ठगे

## टास्क के लिए मांगे 15 हजार रुपए, कई बार में ठगे रुपए; एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार




हापुड़, सिटी कोतवाली इलाके के मोहल्ला गांधी गंज निवासी एक युवक से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगों ने एक लाख 60 हजार 554 रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दरअसल गांधी गंज निवासी वासु गर्ग ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को उसके वॉट्सऐप पर एक मैसेज आता है। जिसमें वर्क फ्रॉम होम से सम्बन्धित कार्य करने के लिए कहा गया। जिसमें गूगल पर होटल से संबंधित रेटिंग करने की एवज में कंपनी रुपए देगी। जिस पर उसने कार्य शुरू किया और उनके टेलीग्राम पर बने ग्रुप में जुड़ गया। कुछ दिन गूगल पर रेटिंग की। जिसका एक हजार रुपए का भुगतान कर दिया। जिस पर पीड़ित झांसे में आ गया। इसके बाद आगे का टास्क लेने के लिए आपको 15 हजार रुपए मांगे गए। पीड़ित ने 15 हजार रुपए दे दिए। इस दौरान अलग तारीख में उससे कुल एक लाख 60 हजार 554 रुपए हड़प लिए गए। जिसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उसने पूरे मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस ने फरार युवक को किया गिरफ्तार



## जौनपुर से चार माह पूर्व किशोरी को भगाकर ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के अखंडनगर पुलिस ने जौनपुर के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिस पर चार माह पूर्व अपहरण का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के दौरान पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, अगस्त माह में थाना क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर आरोपी बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज कर विवेचना शुरू किया। इस दौरान जांच में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। इंस्पेक्टर श्याम सुंदर की टीम को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी थानाक्षेत्र के मुडिला रोड राहुल नगर बाजार तिराहे के पास से भागने के फिराक में है। जिस पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान शुभम शर्मा पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम महदा थाना सिंगरामऊ जौनपुर के रूप में हुई है।

# हापुड़ में 8 लाख का सोना हड़पा

## सर्राफा कारोबारी से की धोखा-धड़ी, एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, शहाजहांपुर निवासी एक सर्राफ से सिटी के एक सर्राफ ने धोखाधड़ी करते हुए 8 लाख रुपए का सोना हड़प लिया। तीन साल से पीड़ित आरोपी सर्राफ से सोना वापस मांग रहा है। लेकिन आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एएसपी से की। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव शाहजहांपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह गांव में ही सर्राफ का काम करता है। सिटी कोतवाली इलाके के मोहल्ला चामड़वाला निवासी एक व्यक्ति भूपेंद्र भी सरार्फा का काम करता है। दोनों का काफी समय से आपस में कारोबार चलता है। पीड़ित ने उक्त व्यक्ति को 15 ऑक्टूबर 2022 को अपने घर के जेवर गलाकर 259 ग्राम सोने के जेवर बनाकर दिए थे। इसमें से उसने 155 ग्राम सोने के जेवर तो वापस कर दिए, लेकिन उसके पास 104 ग्राम सोना बाकी रहा गया। इस बात को करीब तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन वह सोना वापस नहीं कर रहा है। जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एएसपी से की। एएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर, कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप चौहान ने बताया कि आरोपी सर्राफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर लिया गया है।

## संक्षेप

### पुलिस की गौकशों से मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस की थाना टीला क्षेत्र में होंडा सिटी कार सवार दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें दोनों बदमाशों की गोली लगी है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से हथियार होंडा सिटी कार और गाड़ी की डिग्गी में गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार और पशु बांधने की रस्सी बरामद की है। गैंग का लीडर संभल जिले का रहने वाला है। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि थाना टीला मोड़ पुलिस फरुखनगर रोड पिपल तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीला मोड़ की तरफ से होंडा सिटी कार तेजी से आती दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया तो कार सवार गाड़ी को राजपुर गांव की तरफ मोडकर भागने लगे। पुलिस ने संदिग्ध कार का पीछा किया। पीछा करने के दौरान कार राजपुर ग्राम में पेड़ से टकरा गई। कार टकराने के बाद बदमाश कार को छोड़कर पैदल भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पूछने पर उन्होंने अपना नाम अदनान निवासी संभल और सावेज निवासी मुरादाबाद बताया। उनके कब्जे से तमंचा कारतूस होंडा सिटी कार तथा गाड़ी की डिग्गी में पशुओं को बांधने वाली रस्सी और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाशों ने कबूल किया है कि 20 दिसंबर की रात को इन्होंने काका फार्म हाउस के पीछे गौकशी की घटना को अंजाम दिया था।

### बुलंदशहर में युवक का सड़क किनारे पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर नगर कोतवाली की डिप्टीगंज चौकी क्षेत्र में एक फार्म हाऊस के पास रविवार शाम से लापता युवक का शव बरामद हुआ है। युवक गुलावठी के गांव बराल का रहने वाला था। पीड़ित परिजन जहां उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं पुलिस ने शव पर चोट का कोई निशान न होने का दावा किया है। पुलिस अधिकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं। नगर कोतवाली की डिप्टीगंज चौकी क्षेत्र में स्थित दक्ष गार्डन के निकट एक युवक का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। शव के पास ही उसकी बाइक भी बरामद हुई। पुलिस की जांच में उसकी शिनाख्त विनोद निवासी गांव बराल थाना गुलावटी के रूप में हुई। कुछ ही देर में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि विनोद मटरी सप्लाई का काम करता था। शाम से उसके लापता होने के बाद परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी, किंतु कुछ पता नहीं चला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिजनों ने विनोद की हत्या की आशंका जताते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। एएसपी रिजुल कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# जनपद में पुलिस की मुठभेड़ में एक शातिर हुआ घायल , दूसरा फरार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के जहानाबाद में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अनुपालन व कुशल निर्देशन में इंटेलिजेंस विंग टीम व थाना जहानाबाद पुलिस की टीम ने देर रात फरार चल रहे अपराधी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अपराधी के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से अपराधी घायल हो गया। जबकि उसके साथ मौजूद एक साथी पुलिस को मौका देख फरार हो गया। देर रात जहानाबाद पुलिस व इंटेलिजेंट विंग टीम की फरार चल रहे बबलू उर्फ राजा पुत्र बच्ची लाल निवासी कंचनपुर मजरे शिलावन थाना बिंदकी के आने की सूचना मुखबिर के जरिए लगी थी। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस व इंटेलिजेंट विंग की टीम जहानाबाद सीएससी मोड़ के समीप चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को एक पल्सर बाइक से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को संदिग्ध समझते हुए बाइक रोकने को कहा। इस दौरान बाइक सवार बाइक मोड कर भागने का प्रयास करने लगे। बाइक सवारों को भागता देख पुलिस ने पीछा किया। मिजार्पुर अयोध्या मार्ग की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग में कुछ दूर आगे जाकर बाइक सवार फिसल कर गिर गए। बाइक से गिरने के बाद बाइक सवार लोगों ने अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस में जवाब में फायरिंग की। जिसमें बबलू उर्फ राजा के दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस की गोली लगने से आरोपी बुरी तरीके से जख्मी हो गया।

जिसे घायल अवस्था में पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी जहानाबाद में भर्ती कराया। जबकि साथ में मौजूद एक साथी अंधेरे का फायदा उठा भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से पुलिस को तमंचा, कारतूस, चांदी धातु के जेवरात पेचकस, प्लास, एक बाइक, हथौड़ा बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अपराधी के खिलाफ इससे पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है। वही गिरफ्तारी करने वाली टीम इंटेलिजेंस विंग में निरीक्षक अरूण चतुर्वेदी प्रभारी इंटेलिजेंस विंग, आरक्षी विकास कुमार, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, पवन कुमार चौधरी, जय प्रकाश के साथ प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार थाना जहानाबाद, उपनिरीक्षक प्रशान्त मिश्रा, प्रवीण कुमार यादव, नारद भारती, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी सूर्यभान सिंह, अनुराग यादव, दीपक कुमार, आशीष तोमर व अश्वनी यादव रहे।

## आयुर्वेद वर्तमान समय में अमूल्य औषधि -महेश रैकवार

### आयुर्वेदिक उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी देकर लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने के लिए कस्बे के युवा व्यवसायी आशुतोष मिश्रा द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर भारत की अग्रणी आयुर्वेदिक कंपनी एस्क्लेपियस वैलनेस प्राइवेट लिमिटेड के होलसेल स्टोर के भव्य शुभारंभ एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कंपनी के अधिकारियों समेत कर्मठशील युवाओं को भी सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम एवं आयुर्वेदिक स्टोर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवम कंपनी के डायमंड लीडर महेश रैकवार तथा विशिष्ट अतिथि अवधेश तिवारी ने फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया।मंचीय संचालन उमेश त्रिवेदी ने किया। कंपनी की नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्रीय लोगों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि गत कुछ वर्षों में ही आप जैसे लोगों के बीच कार्य करके इस मुकाम तक पहुंचा हूं। प्रत्येक व्यक्ति के लिए और उसके परिवार के लिए प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अमूल्य होता है और इसके लिए कंपनी के आयुर्वेदिक उत्पाद संपूर्ण मानव जाति को आरोग्य की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आयुर्वेदिक उत्पादों की गुणवत्ता से परिचित करवाते हुए उपस्थित जनसमुदाय को कंपनी की नीतियों एवं उत्पादों से जुड़ने की अपील की विशिष्ट अतिथि ने ज्यादा लोगों को आरोग्य की इस मुहिम से जोड़ने के लिए अपील की। और कहा कि यह मुहिम लोगों को स्वास्थ्य और आजीविका दोनों प्रदान करती है।

कंपनी के प्रवक्ता ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से मेहनत करने वालों का हौसला बढ़ता है और वह अधिक ऊर्जा से कार्य करते हैं। माँ इंटरप्राइजेज आयुर्वेदिक स्टोर के संचालक एवं आयोजक युवा व्यवसायी आशुतोष मिश्रा एवं के के पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया इस दौरान मुख्य रूप से श्याम सिंह, मिलन सिंह, सम्राट तिवारी, शिवकरन, अनोश सिंह, बृजेश सिंह, समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## समाजसेवी के सराहनीय प्रयास से 121 गरीबों को मिली ठंड से निजात



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। शीत लहर के प्रकोप से बचने के लिए नववर्ष के अवसर पर जगह-जगह अलाव तथा ठंड से बचने के लिए गरीबों असहाय लोगों को कंबल इत्यादि देकर समाज सेवी पुण्य प्राप्त करते नजर आए जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत खजुरिहा गांव निवासी सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक विपिन अवस्थी की अगुवाई में स्वर्गीय श्यामा देवी अवस्थी की पुण्यतिथि के अवसर पर कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ समाजसेवी आयोजक के साथ उनके सुपुत्र लेखपाल प्रशांत अवस्थी एवं सुभाष अवस्थी ने क्षेत्र के गांव चटिहा बकेवर समेत खजुरिहा गांव में लगभग 121 गरीबों को कंबल प्रदान करते हुए ठंड से निजात दिलाने का सराहनीय प्रयास किया नव वर्ष के अवसर पर गरीबों ने कंबल प्राप्त करते हुए सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक विपिन अवस्थी समेत संपूर्ण कुटुंब को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी

## जनपद में बकेवर क्षेत्र बना चोरों का अड्डा

- नही थम रही चोरियां दहशत में है क्षेत्रवासी
- दो घरों से जेवरात व नगदी समेत लाखों की हुई चोरी, एक माह में हुई आधा दर्जन से अधिक वारदाते

अमन लेखनी समाचार



बकेवर/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बकेवर थाना क्षेत्र में चोरी होना आम बात सी लगने लगी जहां चोरों में हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है ऐसा क्या है कि चोरों को नही है प्रशासन का भय बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरी की घटनाएं सिलसिलेवार तरीके से निरन्तर जारी है, वही क्षेत्रीय लोग अपनी राते दहशत में बीता रहे है। स्थानीय पुलिस के घटनाओं के खुलासे में विफलता के कारण चोर पुलिसिया खौफ को दरकिनार कर लगातार घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार/बुधवार की रात क्षेत्र के कपरियाऊसर गाँव में चोरों ने दो घरों में धावा बोला और नगदी, जेवरात, मोबाइल समेत लाखों का माल चोरी करके ले गए। कपरियाऊसर निवासी अमर निषाद पुत्र रामखेलावन निषाद अपनी पत्नी मिथलेश के साथ घर पर भैंस के बीमार होने के कारण घर के बरामदे में सो रहे थे और घर के दरवाजे पर ताला भी नही लगाया था। तभी देर रात चोर कुंडी खोलकर अंदर घुसे और अंदर के कमरे में रखी बक्सा खोलकर दो मंगलसूत्र सोने के, दो जोड़ी कान के बाले सोने के, एक जोड़ी कान के झाला सोने के, चार तोड़िया चांदी की, चार चांदी के चूड़ा समेत एक भैंस की बेंच के रखे 27हजार रुपये नगद व घर के आंगन में टँगी हुई उनकी जैकेट से 6सौ रुपये भी उठा ले गए। सुबह जागने पर दंपति को घटना की जानकारी हुई, जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस व पीआरवी 112 को दी। वही दूसरी घटना में गाँव के ही कमलू पुत्र रंगीलाल के घर में उनकी पत्नी ज्ञानवती व बेटी साधना घर के बाहर बने एक कमरे में सो रही थी, तभी चोर घर के अंदर घुसे और अंदर के कमरे में रखी बक्से से दो नाक की कील सोने की, 5हजार रुपये व चार्जिंग में लगा सैमसंग का स्मार्टफोन उड़ा ले गए। कमलू के घर में भी ताला नही लगा था, केवल दरवाजे की कुंडी बंद थी। इस बाबत कार्यवाहक थाना प्रभारी महेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटनाओं की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है, साक्ष्य जुटाकर जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा।अब देखने की बात यह है की बकेवर क्षेत्र में ऐसे ही चोरियां होती रहेंगी या फिर प्रशासन इस पर शिकंजा कस पाएगा

## 'न्यायपालिका ने किया सनातन धर्म पर हमला'

### गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद ने कहा, प्रयागराज में विश्व धर्म संसद आयोजित करेंगे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, श्री पंच जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के घर से हटे मंदिर को सनातन पर हमला बताया। साथ ही कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में ऐतिहासिक धर्म संसद होगी। अपनी सुरक्षा को लेकर यति ने कहा कि पता नहीं क्यों पुलिस उनकी सुरक्षा नहीं दे रही है। यति ने कहा कि मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय के उच्च न्यायाधीश के आवास पर जो हनुमान का प्राचीन मंदिर था उसे तोड़ दिया गया। यह न्यायपालिका का सनातन धर्म पर हमला है। अगर उन्होंने किसी और आस्था के प्रतीक को छेड़ा होता तो उनकी अब तक ईंट से ईंट हिला दी गई होती और अब तक वह सस्पेंड हो चुके होते हैं। लेकिन यह सनातन धर्म पर हमला है कोई इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा लोग इसकी ठीक से आवाज भी नहीं उठा रहे हैं। हम इसकी आवाज उठाएंगे चाहे कोई कीमत चुकानी पड़े। यह बहुत बड़ा हमला सनातन धर्म पर हुआ है यह न्यायपालिका की तरफ से हुआ है।

## जितेंद्र के परिजनों ने की 4 पर एफआईआर की मांग

- बागपत एसपी कार्यालय से बोले- आत्मदाह के लिए उकसाने वालों पर हो कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



बागपत, संसद भवन के सामने आत्मदाह करने वाले बागपत निवासी जितेंद्र के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। परिजनों ने जितेंद्र के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमों की जांच और आत्मदाह के लिए उकसाने वाले चार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। मामला छपरौली थाना क्षेत्र के कस्बा पट्टी धंधान का है, जहां जितेंद्र और कविंद्र के बीच लंबे समय से मारपीट को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद के चलते कविंद्र पक्ष ने जितेंद्र और उसके भाइयों के खिलाफ थाने में कई मुकदमे दर्ज करवाए थे। जितेंद्र ने इन मुकदमों के खिलाफ पुलिस और अधिकारियों से कई बार न्याय की गुहार लगाई, लेकिन हर बार उसकी आवाज अनसुनी कर दी गई। न्याय न मिलने से हताश जितेंद्र दिल्ली संसद भवन पहुंचा और वहां आत्मदाह का प्रयास किया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद दिल्ली से लेकर लखनऊ तक प्रशासन में हड़कंप मच गया। भारी सुरक्षा के बीच जितेंद्र का अंतिम संस्कार कराया गया। मृतक जितेंद्र के परिजन अब इंसाफ के लिए आवाज उठा रहे हैं। पुलिस ऑफिस पहुंचकर उन्होंने एसपी से मिलकर जितेंद्र और उसके भाइयों पर दर्ज फर्जी मुकदमों की जांच की मांग की। साथ ही, आत्मदाह के लिए उकसाने वाले चार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार, एसपी ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाया है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है।

# अंबेडकर की मूर्ति पर डाला मोबिल आयल

### पहले भी हो चुकी है घटना, लोगों ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



बलिया, बलिया के रेवती थाना क्षेत्र के चौबे छपरा गांव में बीती रात अराजक तत्वों ने संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर जला हुआ मोबिल आयल डाल दिया। यह घटना सुबह सामने आई, जब लोग टहलने के लिए निकले और यह देखकर आक्रोशित हो गए।

#### घटनास्थल पर लोगों की भीड़

घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों का आक्रोश साफ नजर आया। इस पर रेवती थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले का जायजा लिया।

#### पहले भी हुई थी ऐसी घटना

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिरेश तिवारी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले अराजक तत्वों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी बाबा साहब की मूर्ति को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान ने जानकारी दी कि बुधवार सुबह लगभग दस बजे रेवती पुलिस को सूचना मिली कि चौबे छपरा गांव में किसी अराजक तत्वों ने अंबेडकर की मूर्ति पर मोबिल आयल गिरा दिया है। सूचना मिलने के बाद रेवती पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पूरी छानबीन की और अब मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की जांच से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि इस कृत्य के पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं।

# सालभर से जहां दे रहे धरना, किसी ने आग लगाई

### मेरठ में गांधी आश्रम परिसर में टेंट लगाकर कर्मचारी सोए थे, आग लगाकर कोई भागा

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, गांधी आश्रम परिसर में एक साल से धरना दे रहे कर्मचारियों के टेंट में रविवार रात को शरारती लोगों ने आग लगा दी। आग से टेंट, तख्त और दूसरा सामान जलकर राख हो गया। टेंट में सोए कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी बाल-बाल बच गए। कर्मचारियों ने गांधी आश्रम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों पर आग लगाने का शक जाहिर करते हुए नौचंदी थाने में तहरीर दी है।

कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम कर्मचारी संगठन का भ्रष्टाचार के खिलाफ सांकेतिक धरना 9 अक्टूबर 2023 से चल रहा है। कर्मचारी संस्था के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी संगठन के संरक्षक अनंत कौशिक ने बताया कि रात को वह धरना स्थल पर टेंट में सो रहे थे। रात 2 बजे शरारती लोगों ने आग लगा दी। उनकी आंख खुली तो टेंट जल रहा था। वे तुरंत बाहर भागे। आग की सूचना कर्मचारियों को दी। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी गई। कर्मचारी चंद्रशेखर गुप्ता, भोला यादव, कमलेश कश्यप, जुगनू यादव, मयंक कौशिक, अनुज, पार्थ और तारकेश्वर ने बताया कि उन्हें आशंका है कि संस्था के पदाधिकारियों ने आग लगवाई है।

## बदमाश की पुलिस से मुठभेड़

### एक साथी फरार; हथियार, कारतूस और बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह बदमाश शातिर लुटेरे हैं और लूट के लिए स्पोर्ट्स बाइक का प्रयोग करते हैं। मुठभेड़ के बाद जहां एक बदमाश पकड़ा गया है वहीं उसका साथी फरार हो गया है। जिसके लिए कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश से लूटा गया मोबाइल, हथियार और स्पोर्ट्स बाइक बरामद हुई है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस गेट नंबर 3 के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक घुमा कर भागने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस को पीछे आता देखा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ तो वहीं दूसरा फरार हो गया जिसके लिए कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आमिर पुत्र अशफाक निवासी अशोक विहार लोनी बताया। यह बदमाश स्पोर्ट्स बाइक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। उनके कब्जे से पल्सर ठर 160 बाइक, हथियार, कारतूस और लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है गिरफ्तार किए गए आरोपों के खिलाफ लूट चोरी और हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज है।

# पुलिस की गौकशों से मुठभेड़

### दो बदमाशों को गोली लगी, संभल का रहने वाला है गैंग लीडर

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, पुलिस की थाना टीला क्षेत्र में होंडा सिटी कार सवार दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें दोनों बदमाशों की गोली लगी है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से हथियार होंडा सिटी कार और गाड़ी की डिग्गी में गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार और पशु बांधने की रस्सी बरामद की है। गैंग का लीडर संभल जिले का रहने वाला है। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि थाना टीला मोड़ पुलिस फरुखनगर रोड पिपल तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीला मोड़ की तरफ से होंडा सिटी कार तेजी से आती दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया तो कार सवार गाड़ी को राजपुर गांव की तरफ मोडकर भागने लगे। पुलिस ने संदिग्ध कार का पीछा किया। पीछा करने के दौरान कार राजपुर ग्राम में पेड़ से टकरा गई। कार टकराने के बाद बदमाश कार को छोड़कर पैदल भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पूछने पर उन्होंने अपना नाम अदनान निवासी संभल और सावेज निवासी मुरादाबाद बताया। उनके कब्जे से तमंचा कारतूस होंडा सिटी कार तथा गाड़ी की डिग्गी में पशुओं को बांधने वाली रस्सी और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद हुए हैं।

पकड़े गए बदमाशों ने कबूल किया है कि 20 दिसंबर की रात को इन्होंने काका फार्म हाउस के पीछे गौकशी की घटना को अंजाम दिया था।

## संक्षेप

### चार दिन से हो रही बदबूदार गंदे पानी की सप्लाई

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के स्टेशन मार्ग में एक सैकड़ा से ज्यादा घरों में चार दिनों से बदबूदार गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इससे लोग परेशान है। शिकायत के बाद जल संस्थान समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। स्टेशन मार्ग निवासी बाबू गुप्ता, दादूराम गुप्ता, रामू पाल, रोहित सिंह, शिवचरन यादव, बडेलाल पाल, चंदन गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि ने बताया कि गत चार दिनों से बदबूदार गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इसकी शिकायत जल संस्थान से की गई है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लोग सुबह से पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता ने बताया कि स्टेशन मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए खुदाई करते समय ठेकेदार ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी है। नाली का गंदा पानी खोदे गए गड्ढे में एकत्र हो रहा है। इस वजह से आगे की तरफ गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। नगर पंचायत से गड्ढे का गंदा पानी हटवाने को कहा गया है। पानी के हटने के बाद क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराकर समस्या का समाधान किया जायेगा।

### सर्दी के सितम से एक दुधमुंहे की मौत कई लोग अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। सर्दी के सितम से एक दुधमुंहे की मौत हो गई जबकि कई लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंगोहटा निवासी अजय दो माह पुत्र गोरेलाल को ठंड लग जाने पर पिता ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। वही बरभौली निवासी आशु डेढ़ माह पुत्र पवन कुमार को सर्दी की चपेट में आ जाने पर गंभीर अवस्था में पिता द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल मे. भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी तरह कस्बा निवासी जानकी 60 वर्ष पत्नी वरदानी, बहू अलका व उसके पुत्रों को ठंड की चपेट में आने से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने गौशाला व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

## वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का लिया हाल-चाल, उन्हें नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार





अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने नववर्ष के अवसर पर विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत बाहापुर गो आश्रय स्थल तथा गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। गो आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी में चारा, भूसा, पशु आहार की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली तथा शीतलहर के दृष्टिगत गौशाला में तिरपाल, काऊ कोट, गौशाला में बिछावन हेतु पराली आदि की स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गौशाला का नियमित निरीक्षण करते रहें तथा गौशाला में गोवंशों के नियमित स्वास्थ्य उपचार, उनके खाने-पीने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना, नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्ध जनों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं दी तथा उन्हें फल व मिठाई वितरित किया। इस दौरान वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के स्वास्थ्य, खाने-पीने, रहने सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### फ्लोरमिल संचालक से साढ़े 9 लाख रुपए की लूट

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर रात कलेक्शन कर पत्नी के साथ वापस घर जा रहे फ्लोरमिल संचालक ने बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल साढ़े 9 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक मामला फर्जी है और कर्जे से बचने के लिए युवक ने लूट की झूठी साजिश रची है। दरअसल, ये पूरा मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कंचनाव नहर के पास का है। जहां कंचनाव पूरे रिसाल मिश्र गांव के रहने वाले फ्लोरमिल संचालक मंगलवार को कलेक्शन का पैसा इकट्ठा करके पत्नी के साथ बीती रात कार से घर जा रहे थे। दोनों अभी गांव के नहर के पास पहुंचे ही थे कि सामने से बाइक सवार चार बदमाश पहुंचे और कार को रुकवा कर असलहे के दम पर पत्नी के पास बैग में रखे साढ़े 9 लाख लूटकर फरार हो गए। पीड़ित अरविंद कुमार मिश्र ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# 20 बेड की गुणवत्ता देखने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। 28 लाख से बनाए गए 20 बेड की गुणवत्ता देखने मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा सफीपुर व मियागंज सी एच सी पहुचे निरीक्षण में सफीपुर में सीलन आने व मियागंज सीवर टैंक धस जाने की शिकायत दिखी जिसे सुधार के निर्देश दिए इसके अलावा निरीक्षण में परिसर में नजर आए पुराने भवन तुड़वाने व कंडम वाहनों की नीलामी के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए लगभग दो वर्ष पूर्व सी एच सी में 28 लाख की लागत से 20 बेड का बनाए गए कोविड वार्ड की गुणवत्ता देखने पहुचे मुख्य विकास अधिकारी को सफीपुर में इमरजेंसी संचालित मिली जहा चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बारिश के समय सीलन आती है जिसके कारण पेंटिंग कार्य दोबारा कराना पड़ा वही सीवर पाइप चोक होने की परेशानी सामने आई। वही मियागंज में नव निर्मित भवन में अधीक्षक नितिन श्रीवास्तव ने वार्ड में पार्टीशन व जाली लगवाने की जरूरत बताई वही सीवर टैंक धस जाने की शिकायत की गई जिसे मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदाई संस्था निर्माण निगम के सहायक अभियंता अभिषेक त्रिपाठी को सुधार के निर्देश दिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज परिसर के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी की नजर कंडम वाहनों और निप्रयोज्य जर्जर भवन पर पड़ी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्यप्रकाश को फोन कर वाहनों की नीलामी व जर्जर भवनों को तुड़वाने की कार्यवाई के लिए बोला। मुख्य विकास अधिकारी ने अधीक्षक डाक्टर नितिन श्रीवास्तव से बी डी ओ से समन्वयय स्थापित कर परिसर में आने जाने का रास्ता व फुलवारी लगाकर बेहतर बनाने के लिए कहा।

## कड़कड़ाती ठंड के मध्य लोगों ने जोशोखरोश के साथ किया नववर्ष का स्वागत



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ठंड के बावजूद लोगों ने नववर्ष का स्वागत जोशो खरोश के साथ किया। तो वहीं तपोभूमि में सुबह से शाम तक लोगों का जमावड़ा लगा रहा। नागा स्वामी बालिका डिग्री कॉलेज के पीछे एक फार्म हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। तपोभूमि के विरक्त आश्रम में लोगों का सुबह से लेकर शाम तक आना-जाना बना रहा। दोपहर में धूप खिलते ही लोगों की संख्या में इजाफा हुआ। नागा स्वामी बालिका डिग्री कॉलेज के पीछे नवलकिशोर मिश्रा के फार्म हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर राधा कृष्ण, शिव पार्वती, सुदामा आदि की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। यहां पर पूर्व सभासद महेश भदौरिया, उमाकांत गुप्ता, प्रिंस मिश्रा, कपिल सिंह, मानसिंह, श्यामू सिंह, वीरू मिश्रा, छोटू पांडेय, ओपी गुप्ता, बटलर सिंह आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## 6 गांव मे चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि दिसंबर माह में तीन गांव गडेरी, गाईमऊ व काजीपुर में धारा 27 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जनवरी माह में इन तीनों गांव की धारा 52 की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, धारा 20 में दो गांव गूंगेमऊ व दौलतपुर लोनहट का प्रकाशन किया गया है, इक्का ताजपुर व महोना पूरब में धारा 7 की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, सिंदुरवा व सरायखेमा में धारा 23 की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही धारा 8 में 2 गांव, धारा 9 में 4 गांव, धारा 10 में 9 गांव तथा धारा 20 में 10 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनशनकारी अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। नगर के तहसील प्रशासन पर कानून को ताख पर रख अपनी मनमानी करने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन 13वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर अधिवक्ता संघ ने उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अपनी समस्याओं का निस्तारण न होने पर 8 तारीख से आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

अवगत हो कि तहसील मौदहा के अधिवक्ता संघ ने तहसील के राजस्व कर्मियों पर भ्रष्टाचार व कानून को ताक में रख अपनी मनमानी ढंग से काम करने का आरोप लगाते हुए 20 तारीख से क्रमिक अनशन शुरू किया था। क्रमिक अनशन के तेरहवें दिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा करने की बात तो दूर कोई उनके उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा है जिससे अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है। अनशनकारियों का कहना है कि वह तीन दिसंबर को न्याय के लिए कटोरा लेकर भीख मांगने को निकलेंगे। उसमें जो भी राशि एकत्रित होगी वह मुख्यमंत्री कोष में जमा की जाएगी। क्रमिक अनशन के 13वें दिन पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने अनशन स्थल पर पहुंच अनशनकारी अधिवक्ताओं की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। वहीं अनशनकारी अधिवक्ता जय हिंद सिंह, ज्ञानचंद द्विवेदी, रविकांत, दुष्यंत, रिजवान भाई का कहना है कि यदि 7 दिसंबर तक उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है तो उनका यह क्रमिक अनशन आठ दिसंबर से आमरण अनशन में बदल जाएगा। इस संबंध में उन्होंने उप जिला अधिकारी मौदहा के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है।

## जगदीशपुर पुलिस द्वारा तमंचा कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस उ0नि0 अनूप कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित 02 अभियुक्तों में रवि पासी पुत्र शीतला पासी निवासी ग्राम शोहरत सिंह का पुरवा 02 मो0 कैफ पुत्र मो0 शरीफ निवासी ग्राम रामलीला मैदान मजरा जलालपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सिंधियांवा प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया गया तलाशी लेने दोने के पास तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनो ने अपने साथियो लखन पंडित उर्फ केशव पंडित, युवराज सिंह, गगन मिश्रा, सर्वेश सिंह, सूरज मिश्रा के साथ मिलकर अनीत सिंह पुत्र तेज बहादुर निवासी ग्राम महमदपुर पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाई थी

## मौहर के दंगल में दो दर्जन पहलवानों के मध्य हुई रोमांचक कुश्तियां

### कुलदीप टेढ़ा ने सुमित एटा को पटका

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। मौहर के बजरंगबली आश्रम के मेले में बुधवार को संपन्न हुए विशाल दंगल में दो दर्जन पहलवानों के मध्य रोचक कुश्तियां संपन्न हुई। दंगल का शुभारंभ सपा नेता रामप्रकाश प्रजापति ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

मौहर किसवाही के मध्य बजरंगबली आश्रम के मेले में आयोजित दंगल में बुधवार को दो दर्जन पहलवानों के मध्य रोचक कुश्तियां संपन्न हुई। इस दंगल में धीरू मुंगुश ने अंकुश मौदहा को चित किया। अंश सिसोलर ने अखिलेश मौहर को हराया। गौरव एटा एवं श्याम मुंगुस बराबरी पर रहे। कुलदीप टेढ़ा ने सुमित एटा को जोरदार पटखनी दी। छोटू बांदा ने अंकुश एटा को चित किया। ओमप्रकाश फतेहगढ़ ने छोटे कन्नौज को हराया। मदनपाल खपटिहा, कल्लू इंगोहटा, नंदू मुंगुस, रामफल खपटिहा, वीरेंद्र टेढ़ा व शनि दिल्ली के मध्य हुई कुश्तियां बराबरी पर रहीं। इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा कुश्ती संपन्न कराई गई। रेफरी की भूमिका रामकिशन नन्ना एवं सूरजपाल सिंह तिलतरस ने निभाई। संचालन सुरेश यादव व वीरेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राममिलन निषाद ने सभी का स्वागत कर आभार जताया। दंगल देखने के लिए अतरैया डेरा, मिहुना, धुंधपुर, मुंडेरा, बिरखेरा, कैथी व किसवाही आदि गांवों से ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# डीएम ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ मनाया नववर्ष

### वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को फल व मिष्ठान्न का किया वितरण

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। बुधवार को नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों के साथ नव वर्ष मनाया। नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां निवासरत समस्त वृद्वजनों को फल व मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त वृद्धजनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा उनके सुखद जीवन हेतु ईश्वर से कामना की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल के तहत आज वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को फल व मिष्ठान्न का वितरण किया गया है ताकि यहां पर निवासरत वृद्धजनों को सुखद अनुभूति हो।। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्ध आश्रम में चिकित्सा शिविर लगाकर वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की जांच भी की जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा / परेशानी न होने पाए। वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को भी नववर्ष की शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि 2 दिन पूर्व जिलाधिकारी ने जनपद में पढ़ रहे ठंड के दृष्टिगत वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों से हाल-चाल जाना था तथा लगभग 105 वृद्धजनों को कंबल भी वितरित किया था। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल, जलीस खान तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए। जनसुनवाई में लगभग 98 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## 65 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, ब्रिकी भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अमेठी पुलिस द्वारा कुल 65 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 04अभियुक्त/अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

## निर्माणाधीन रिजर्व पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा गौरीगंज में निमार्णाधीन नवीन रिजर्व पुलिस लाइन का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया गया एवं मानक के अनुसार निर्माण कार्य प्रचलित करने हेतु संबन्धित को दिशा-निर्देश दिये गये।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अनुराग ने किया मुंबई छोड़ने का ऐलान...

**मुंबई।** अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड में लीक से हटकर, बेहतरीन हिट फिल्में बनाई हैं। लेकिन कुछ समय से उन्हें अपनी तरह का काम करने का मौका बॉलीवुड में नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि अनुराग ने साउथ फिल्मों का रूख किया, वह वहां की फिल्मों में अभिनय तक करते दिख रहे हैं। बतौर एक्टर खुद को एक्सप्लोर कर रहे हैं। यही कारण है कि अनुराग अब मुंबई छोड़कर साउथ में जाकर बस जाना चाहते हैं। वह अगले साल ऐसा कर सकते हैं। अनुराग की माने तो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में लोगों को फिल्म बनाने का बहुत उत्साह रहता है।




लाइफ Style

# मलाइका

## साल 2024 तुम बहुत मुश्किल रहे'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मलाइका अरोड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने बीते साल में हुई चीजों और अपने अनुभव के बारे में बात की है। मलाइका अरोड़ा साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहीं।

पहले उनका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर अभिनेत्री के पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलाइका ने एक पोस्ट कर बताया कि उनका साल काफी कठिन रहा। उन्होंने बताया कि ये साल उनके लिए कितना मुश्किल रहा। मलाइका ने लिखा- साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती, लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हेल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है। पोस्ट में लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ चीजें और समझ में आने लगेंगी। चीजों के होने की कुछ न कुछ वजह होती है, मैं इस बात को पूरी तरह से मानती हूं। बता दें कि मलाइका और अर्जुन कपूर ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों ने साथ में कई सारी तस्वीरें भी साझा की। वहीं, मई में खबरें आईं कि दोनों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# 8 साल बाद हुआ समझौता

**लॉस एंजिल्स।** आठ साल से ज्यादा चली कानूनी लड़ाई के बाद ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक के लिए समझौता कर लिया है। जोली के वकीलों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने 30 दिसंबर को समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कभी हॉलीवुड के सबसे आकर्षक जोड़ी में से एक रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट लगभग एक दशक तक साथ रहे और 2014 में शादी से पहले वे छह बच्चों के माता-पिता भी बने। अब दोनों का तलाक को लेकर समझौता हो गया है। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट तलाक के समझौते पर पहुंच गए हैं।



# टीवी और मंच पर रहीं काफी सक्रिय

**लॉस एंजिल्स।** सीबीएस के लंबे समय से चल रहे सिटकॉम 'ऐलिस' की स्टार और नील साइमन के नाटक 'ब्रॉडवे बाउंड' के लिए टोनी जीतने वाली लिंडा लैविन टीवी और मंच पर भी काफी सक्रिय रहीं। अभिनेत्री के निधन पर स्क्रीनराइटर पॉल रुडनिक ने दुख जताया और एक्स पर पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लिंडा लेविन का सफर बाल मंच कलाकार के रूप में शुरू हुआ। 1960 के दशक में उन्होंने ब्रॉडवे की शुरुआत की। उन्होंने संगीतमय 'इट्स ए बर्ड...इट्स ए प्लेन...इट्स सुपरमैन' और नाटक 'लास्ट ऑफ द रेड हॉट लवर्स' में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीता। टीवी की दुनिया में लिंडा लेविन सीबीएस के सिटकॉम 'ऐलिस' में मुख्य किरदार के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। 'बार्नी मिलर', 'सीन सेव्स द वर्ल्ड' और 'बी पॉजिटिव' जैसे हिट शो से उन्हें खूब शोहरत मिली।



# मन्नत में पार्टियों की बात है निराली

**मुंबई।** अभिनेत्री अनन्या पांडे, शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के साथ बहुत अच्छी बॉन्डिंग शेयर करती हैं। दरअसल, अनन्या, सुहाना, नव्या नवेली नंदा और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं और अक्सर साथ में समय बिताते और पार्टी करती रहती हैं। अब, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने शाहरुख के घर मन्नत में होने वाली पार्टियों की झलक दिखाई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सबसे अच्छी पार्टियां वो होती हैं जो मन्नत में उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना, नव्या और शनाया के साथ वह एंजॉय करती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान चंकी पांडे की बेटी और अनन्या से जब शाहरुख के मुंबई स्थित आलीशान घर मन्नत में हुई पार्टियों के बारे में पूछा गया तो इस पर उन्होंने कहा कि सुहाना, शाहरुख, शनाया और नव्या के साथ मन्नत में पार्टी के बाद के पलों को वह कभी भुला नहीं सकतीं।



# सल्लू को देखते ही गले लग गईं कोकिलाबेन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान इन दिनों अंबानी परिवार के साथ गुजरात के जामनगर में छुट्टियां एन्जॉय कर रहे हैं। अब सलमान का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक्टर को अपनी फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का 'ओ ओ जाने जाना' गाते देखा जा सकता है। इस इवेंट से भी एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कोकिलाबेन अंबानी, सलमान को बेटे की तरह प्यार देती दिख रही हैं। इवेंट में शामिल होने के दौरान सलमान सभी को ग्रीट करते हैं। तभी उनकी नजर ऑडियंस में बैठी कोकिलाबेन अंबानी पर पड़ती है और वो उन्हें मिलने पहुंच जाते हैं। सलमान को देख कर कोकिलाबेन उन्हें गले लगा लेती हैं। बता दें, सलमान खान और अनंत अंबानी खास बांड शेयर करते हैं।

टीवी मसाला



# कशिश ने अविनाश- ईशा की नजदीकियों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 का शो रोजाना नया मोड़ लेता जा रहा है। बिग बॉस के घर पर रोज कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है, जिससे प्रशंसकों का उत्साह रिएलिटी शो को लेकर बना रहता है। लेटेस्ट एपिसोड में कशिश कपूर, चाहत पांडे और रजत दलाल को ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा के रिश्ते पर चर्चा करते हुए सुना गया। लेटेस्ट एपिसोड में रजत दलाल, कशिश कपूर और चाहत पांडे इसी बारे में बात करते नजर आएंगे। इस बीच, कशिश कपूर ने कहा कि कोई भी लड़का और लड़की अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह की तरह सहज नहीं हो सकते, भले ही वे एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त ही क्यों ना हों। शालीन भनोट का नाम टेबल पर आने के बावजूद, ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अभी भी साथ हैं। कशिश ने आगे कहा, 'मेरा ऐसा मानना नहीं है, व्यक्तिगत रूप से, कि लड़के और लड़कियां इतने करीबी दोस्त नहीं हो सकते। मतलब दोस्त हो सकते हैं, सबसे अच्छे दोस्त हो सकते हैं, लेकिन एक दूरी होती है।' पिछले एपिसोड में सलमान ने उस पल का जिक्र किया जब ईशा ने शिल्पा शिरोडकर से कहा था कि शो के बाहर उनका कोई खास है। ईशा ने जोर देकर कहा कि उनकी कही हुई बात मजाक भई हो सकती है, उनके कई करीबी दोस्त हैं।

## माही की साजिशों का शिकार होगी राही अनुपमा को करेगी इमोशनल ब्लैकमेल

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। अनुपमा की बेटी राही जहां अपनी मां की तरह ही दूसरों की खुशियों के लिए अपनी खुशियों को दाव पर लगाने लगी है, वहीं दूसरी तरफ शो का एक किरदार निगेटिवली ट्रांसफॉर्म होने वाला है।



अनुपमा ने हमेशा ही माही को अपनी बेटी की तरह ही माना है। माही जो कि काफी पॉजिटिव और अच्छी इंसान के तौर पर जीती रही है, वह अब जल्द ही शो में निगेटिव अवतार में नजर आ सकती है। वजह बनेगी उसकी प्रेम से बेइंतेहा मोहब्बत। अनुपमा सीरियल के बारे में इंडिया फोरम ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि माही बड़ी चालाकी से राही को मैन्युपुलेट करेगी ताकि प्रेम का प्यार जीत पाए। राही जब माही के कमरे में गई तब वह सो रही थी। उसे नींद में देखकर राही ने उससे कहा था कि प्रेम उसे ही मिलेगा। लेकिन वह नहीं जानती है कि माही उसके इमोशन्स को यूज कर रही है।

# बायोपिक फिल्मों में दिखी संघर्ष-सफलता की कहानी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल कुछ बायोपिक फिल्में जरूर रिलीज होती हैं। बायोपिक फिल्मों के जरिए किसी खास शख्सियत की जिंदगी के संघर्ष और उसकी जीवन यात्रा को दिखाया जाता है। ये फिल्में दर्शकों को मोटिवेशन देती हैं। कई बायोपिक फिल्में अपनी शानदार कहानी के कारण दर्शकों की फेवरेट भी बन जाती हैं। जानिए, इस साल कौन सी बायोपिक फिल्में रिलीज हुईं और बॉक्स ऑफिस पर क्या इन्हें सफलता मिल सकी।



**सावरकर :** रणदीप हुड्डा इस साल फिल्म 'सावरकर' में नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभाई। यह स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक फिल्म ही रही। फिल्म का निर्देशन भी रणदीप हुड्डा ने किया। फिल्म रिलीज से पहले काफी चर्चा में रही लेकिन बॉक्स ऑफिस पर मनचाहा परिणाम ना पा सकी।



**अमर सिंह चमकीला :** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ इस साल फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आए। वह अमर सिंह चमकीला के किरदार में दिखे, पंजाबी के एक मशहूर सिंगर की कहानी फिल्म में दिखाई गई। फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया गया, लेकिन दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आई।



**चंदू चैंपियन :** कार्तिक आर्यन भी इस साल एक बायोपिक फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आए। यह फिल्म पहले पैरालिंपिक गोल्ड मेडल विजेता मुरलीकांत की कहानी है। इसमें कार्तिक ने उनका ही किरदार निभाया। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक रेस्पॉन्स ही मिला। कार्तिक के अभिनय को भी सराहा गया।

# साल 2025 में होगा धमाल, नजर आएंगी नई जोड़ियां

## खुशी कपूर-जुनैद खान-तृप्ति भी आएंगी साथ...




*नई दिल्ली। 2025 की शुरुआत के साथ ही बॉलीवुड में नए चेहरे और धमाकेदार जोड़ियां दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए तैयार हैं। नए साल 2025 में अमन देवगन-राशा थडानी और जुनैद खान-खुशी कपूर जैसी कई नई जोड़ियां नजर आएंगी। इस लिस्ट में धड़क 2, लवयापा, आजाद से लेकर कई रोमांटिक, थ्रिलर और सस्पेंस की फिल्में शामिल हैं।*

***अमन देवगन और राशा थडानी - फिल्म आजाद :*** *अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म* आजाद का टीजर और ट्रेलर पहले ही रिलीज किया जा चुका है। इस फिल्म में पहली बार अमन देवगन और राशा थडानी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में अजय देवगन का भी अहम रोल होगा। अजय देवगन के भतीजे हैं अमर देवगन और रवीना टंडन की बेटी हैं राशा थडानी।

***जुनैद खान और खुशी कपूर - फिल्म लवयापा :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुनैद खान बॉलीवुड मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के बेटे हैं। जुनैद, खुशी कपूर के साथ फिल्म लवयापा में नजर आएंगे। खुशी, बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी हैं और जान्हवी कपूर की बहन हैं। ऐसा पहली है जब किसी फिल्म में खुशी और जुनैद एक साथ नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी।

***तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी - फिल्म धड़क 2 :*** ब्लॉकबस्टर फिल्म धड़क की अगली कड़ी धड़क 2 को लेकर करण जौहर पहले ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर चुके हैं। फिल्म धड़क 2 का एक छोटा टीजर भी जारी किया जा चुका है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आए थे। यह फिल्म प्रेम और संघर्ष की कहानी को बड़े पर्दे पर उजागर करेगी।

***खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान - फिल्म नादानियां :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आगामी फिल्म नादानियां में खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें जोश और जुनून की कहानी को दिखाया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा जब किसी फिल्म में जान्हवी की बहन खुशी कपूर और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम साथ में नजर आएंगे।

## कृष्णा-गोविंदा का झगड़ा खत्म, पीएम मोदी से मिले सितारे

# जेहन में बस गईं साल 2024 की सिने जगत की ये 10 तस्वीरें

### दिलजीत दोसांझ का दिल लुमिनाटी टूर

दिलजीत दोसांझ ने आधिकारिक तौर पर 2024 के वैश्विक देसी आइकन के रूप में अपनी जगह बनाई। उनका दिल-लुमिनाटी टूर सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं था, यह एक अनुभव था। भारत से लेकर यूके और यहां तक कि कनाडा तक, दिलजीत के शो में फैंस से खचाखच भरे मैदान, नम आंखों वाले प्रशंसक देखने को मिले। कई इवेंट से बेहतरीन तस्वीरें और किस्से भी सामने आए। दिलजीत के एक शो के दौरान एड शीरन अपने गिटार पर पंजाबी ट्रैक पर बजाते हुए मंच पर चले गए, जो सबसे यादगार पल बना।

### 'लापता लेडीज' का जलवा

किरण राव की लापता लेडीज सिर्फ एक और बॉलीवुड फिल्म नहीं थी, यह एक मास्टरपीस थी। ग्रामीण भारत पर आधारित दो लापता महिलाओं की कहानी वाली फिल्म ने विश्व स्तर पर दिलों को छू लिया। इसकी कहानी बेहद साधारण और गहरी थी, जिसमें हास्य और व्यंग्य के साथ समाज को आईना दिखाने का काम किया गया। इस साल यह ऑस्कर में भारत की आधिकारिक एंट्री भी बनी। हालांकि, अब यह ऑस्कर रेस से बाहर हो चुकी है।



*नई दिल्ली। साल 2024 में मनोरंजन जगत की कई घटनाओं ने फैंस को आकर्षित किया। इनमें अंबानी की शादी, कृष्णा-गोविंदा का फिर मिलना और पीएम मोदी की कपूर परिवार से मुलाकात के पल शामिल हैं।*

### 'हीरामंडी' की चमक

अगर बॉलीवुड ने सिनेमाघरों पर राज किया तो ओटीटी ने फैंस लिविंग रूम पर राज किया। संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज 'हीरामंडी' अपने भव्य सेट, वेशभूषा और दिलचस्प कहानी के साथ एक विजुअल ट्रीट थी। इस सीरीज ने कई सितारों को एक साथ स्क्रीन पर दिखाया। सीरीज के जरिए फरदीन खान, मनीषा कोइराला और संजय लीला भंसाली ने ओटीटी डेब्यू किया।

### कृष्णा-गोविंदा रियूनियन

मनोरंजन और टेलीविजन इंडस्ट्री ने 2024 में एक दिल को छू लेने वाला पल देखा, जब गोविंदा और कृष्णा अभिषेक ने अपने लंबे समय से चले आ रहे झगड़े को खत्म कर दिया। मामा-भांजे की जोड़ी द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दौरान गले मिले, जिससे आरती सिंह की आंखों में आंसू आ गए। इससे पहले गोविंदा आरती सिंह की शादी में उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचे थे। कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह अपने मामा को वहां देखकर बहुत खुश हुए। दोनों ने अपने सात साल के झगड़े को समाप्त कर दिया।

### तीनों खान का डांस

इस साल अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के समारोह ने दुनियाभर के लोगों को आकर्षित किया। यह अब तक की सबसे महंगी और यादगार शादी बनी, जिसमें हॉलीवुड के बड़े सितारों ने भी शिरकत की। साथ ही इस शादी का सबसे आकर्षित पल रहा तीनों खान की परफॉर्मेंस का। फैंस उस समय खुशी से झूमने लगे जब स्टेज पर आमिर खान, शाहरुख खान और सलमान खान ने एक साथ डांस किया और अंबानी परिवार को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया।

### हॉलीवुड सितारों का भारत आगमन

इस साल मनोरंजन जगत के कई हॉलीवुड सितारे भारत आए और यहां की इंडस्ट्री की तारीफ भी की, जिससे विदेशों में भी भारत का खूब मान बढ़ा। अंबानी की शादी में किम कार्दशियन, क्लोई कार्दशियन और रिहाना जैसी हॉलीवुड हस्तियां आईं। वहीं, एड शीरन भी भारत दौरे पर आए थे। इसके साथ ही हाल ही में दुआ लिपा भी कॉन्सर्ट के लिए भारत आईं और लोगों का दिल जीता।

### पीएम मोदी से बॉलीवुड सितारों की मुलाकात

इस साल बॉलीवुड के शोमैन कहे जाने वाले दिवंगत अभिनेता राज कपूर की 100वीं जयंती के मौके पर कुछ खास यादें बनीं। कपूर परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की थी, जिसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। कपूर परिवार ने पीएम मोदी के साथ तस्वीरें भी खिचवाईं। इनमें एक तस्वीर बेहद खास रही, जिसमें सभी लोग मौजूद रहे। इस तस्वीर में पीएम मोदी के साथ नीतू कपूर, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, बबीता कपूर, रिद्धिमा कपूर, करीना कपूर, सैफ अली खान, आदर जैन, मनोज जैन, अनीसा मल्होत्रा और अन्य सितारे मौजूद रहे।

### नागार्जुन का वायरल वीडियो

जून में नागार्जुन के बॉडीगार्ड द्वारा मुंबई एयरपोर्ट पर एक दिव्यांग प्रशंसक को धक्का दिए जाने का वीडियो सामने आया था, जिसके बाद ऑनलाइन हंगामा मच गया था। नागार्जुन ने तुरंत इस घटना पर प्रतिक्रिया दी और माफी मांगी। उन्होंने मामले को सुलझाने के लिए प्रशंसक से मुलाकात की।